यदि लोगों का सरकार से मोहभंग हो भी रहा है तो उसे प्रकट करने के लिए उनके सामने विकल्प क्या हैं?



अवधेश राजपूत

नेता-प्रतिपक्ष राहुल गांधी को समझ नहीं आ रहा कि मोदी-शाह सरकार से लोगों का मोहभंग क्यों नहीं हो रहा? उनका मानना है कि भारतीय लोकतंत्र में एंटी इनकंबेंसी यानी सत्ता विरोधी रुझान ऐसी आधारभूत शक्ति है, जिससे कोई नहीं बच सकता। उनकी दादी इंदिरा गांधी पाकिस्तान के दो टुकड़े करने के बावजूद अपनी लोकप्रियता कायम नहीं रख पाई और दो-तीन साल के भीतर मोहभंग की शिकार हो गईं, लेकिन किसी कारणवश यह मोदी के साथ क्यों नहीं हो रहा? राहुल गांधी का अभिप्राय शायद यह था कि या तो चुनाव की प्रक्रिया में गड़बड़ी हो रही है या बोटिंग मशीनों में हेरफेर किया जा रहा है जिसे वे वोट चोरी कहते हैं। अपने आरोपों का अभी तक वे अकाट्य प्रमाण तो नहीं दे पाए हैं, लेकिन संभव है उनमें कुछ तथ्य भी हों। हालांकि उनके आरोपों की आधी धार तो इसी पहलू से कुंद हो जाती है कि भाजपा अपने 12 साल लंबे शासनकाल में राज्य स्तर के 20 चुनाव हार चुकी है, जिनमें उसका गढ़ समझे जाने वाले राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्य भी शामिल हैं। पिछले आम चुनाव में ही उत्तर प्रदेश में अपेक्षित सफलता न मिलने के कारण पार्टी 240 सीटों पर सिमट कर रह गई।

अलबत्ता उनकी इस बात में दम है कि भारत में शासन के लंबे कार्यकाल में लोग सरकारों से उकताने लगते हैं। पंडित नेहरू, मनमोहन सिंह और नरेन्द्र मोदी की सरकारें इसकी अपवाद रही हैं। हालांकि मनमोहन सरकार ने दूसरे कार्यकाल में अशक्त और भ्रष्ट दिखने के कारण जनसमर्थन खो दिया था, लेकिन मोदी सरकार ने अपना दूसरा कार्यकाल तो आसानी से पूरा किया, मगर तीसरे कार्यकाल में वह लोगों की कुछ उकताहट का सामना करने लगी है। फिर भी मोदी की लोकप्रियता बरकरार है और पूर्वी राज्यों में पार्टी का फैलाव जारी है।

राहुल कहते हैं कि नेता विशेष की लोकप्रियता समझी जा सकती है, सरकार का प्रदर्शन भी समझा जा सकता है, मगर मोहभंग का गायब होना समझ नहीं आता। प्रश्न यह है कि क्या वे उसे समझने की कोशिश कर रहे हैं? ऐसा इसलिए, क्योंकि यदि लोगों का मोहभंग हो भी रहा है तो उसे प्रकट करने के लिए उनके सामने विकल्प क्या हैं? राहुल और उनका राजनीतिक धड़ा आइएनडीआइए ऐसा क्या नया पेश कर रहा है, जो मौजूदा सरकार से बेहतर हो। मोहभंग होने का मतलब जमीन छोड़कर अंधे कुएं में कूदना थोड़ी है?

चुनौतियों की बात की जाए तो एक सामान्य भारतीय परिवार के लिए बच्चों की शिक्षा मकान के किराए के बाद दूसरा सबसे बड़ा खर्च बन चुकी है। इसका कारण यही है कि सरकारी स्कूलों के खराब स्तर के कारण बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाना पड़ता है और ऊपर से कोचिंग भी करानी पड़ती है। लाखों खर्चने के बाद भी बच्चों को रोजगार नहीं मिलता, क्योंकि सूचना-तकनीकी और एआइ क्रांतियों के कारण उन कौशलों की मांग लगातार बदल रही है, जो रोजगार के लिए आवश्यक हैं। मौजूदा शिक्षा उसके साथ कदमताल नहीं बिठा पा रही। मोदी सरकार ने गांधी जी की नई तालीम पर आधारित नई रोजगारोन्मुख शिक्षा नीति लागू तो की है, लेकिन पर्याप्त बुनियादी सुधारों और शिक्षकों के प्रशिक्षण के बिना वह अपेक्षित सुधार ला पाएगी, इसमें संदेह है। परीक्षा प्रणाली भी नकल और लीक माफिया के जाल में फंस चुकी है। क्या राहुल और उनके गठबंधन की पार्टियों के पास इस विकराल समस्या के समाधान की कोई योजना है? गुंज समारोहों में छात्रों को उकसाने से क्या होगा, जबकि नकल को बढ़ावा देना तो आइएनडीआइए के राजद जैसे दलों की ही नीति रही है?

मोदी सरकार बड़ी संख्या में औद्योगिक रोजगारों के सृजन की आशा के साथ सत्ता में आई थी, लेकिन करीब ढाई कार्यकाल पूरे होने के बाद भी वह ऐसी आशाएं अपेक्षित रूप से पूरी नहीं हो पाई है। क्या आइएनडीआइए की कोई ठोस योजना है, जिससे उद्योग-धंधों का सृजन हो सके? बिहार, बंगाल और पूर्वी उत्तर प्रदेश में सिंकिदे, रेंगदारी, माफिया और बाहुबलियों के आतंक से कानून व्यवस्था इतनी खराब होती गई कि वहां निवेश का जोखिम कोई नहीं उठाना चाहता। चाहे भी तो आइएनडीआइए के कुछ दलों का नाम ही उसे भगाने के लिए काफी है। राहुल स्वयं कहते हैं कि किसके पास कितनी संपत्ति है, इसका हिसाब एक्स-रे सर्वेक्षण से लिया जाएगा। कुछ बड़े उद्योगपतियों के दानवीकरण में भी वे लगे रहते हैं। ऐसे राजनीतिक माहौल में उद्योग-धंधे और उन पर आधारित रोजगार कैसे पनप सकेंगे?

दुनिया में एआइ जनित मशीनी क्रांति की दौड़ में टिके रहने पर मंथन हो रहा है। नई प्रतिभाओं को खोजा और विकसित किया जा रहा है, ताकि शोध, आविष्कार और नवाचार की दौड़ में आगे रहा जा सके। वहीं, राहुल 'जितनी आबादी-उतना हक' के नारों के साथ अतीत के अन्याय का हिसाब करने में लगे हैं। कभी सचिवालय में पिछड़े वर्ग की गिनती करते हैं, कभी शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थानों में, तो कभी सेना के अफसरों में। जिस संविधान की रक्षा का दम भरते हैं, उसी की धारा 45 में दस साल के भीतर पूर्ण साक्षरता लाने का निर्देश था, जिसे उनकी पार्टी की सरकारें पूरा नहीं कर पाईं।

संभव है कि सरकार से कुछ मोहभंग हो रहा हो, पर उसे धुनाने के लिए विकल्प क्या हैं? कांग्रेस ने किसान आंदोलन का साथ दिया। कृषि सुधारों की काला कानून कहकर रद करा लिया। अब कोई पूछे कि हर गांव-कस्बे में फसलों के भंडारण और प्रसंस्करण के लिए किसके पास क्या योजना है, ताकि जिस प्याज-टमाटर के दाम बेमौसम आसमान छूने लगते हैं, उन्हें फसल के समय फेंकना न पड़े? इसलिए सुधारों का विरोध उन्हें रोकने की जगह उनमें बेहतरी के लिए होना चाहिए। लगभग हर लोकतांत्रिक देश में विपक्ष अवैध घुसपैठ की रोकथाम की मांग कर रहा है, लेकिन भारत में उलटा है। लगभग हर देश में मतदाता सूचियों से मृतकों और बिस्थापितों के नाम हटाकर उन्हें दुरुस्त रखा जाता है। भारत में इसका भी विरोध हो रहा है और लोग बस देख रहे हैं, क्योंकि वे शायद समझ चुके हैं कि बेहतर विकल्प के बिना केवल मोहभंग में सरकारें गिराने से कुछ हासिल नहीं होता।

(लेखक बीबीसी हिंदी के पूर्व संपादक हैं)

response@jagran.com

महिला सुरक्षा का प्रश्न

सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर यह सही कहा कि अपराधी तत्वों के मन में इसका भय होना चाहिए कि वे कुछ करेंगे तो पकड़े जाएंगे। उसकी ओर से यह टिप्पणी दिल्ली-एनसीआर में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाओं के संदर्भ में की गई। उसने यह भी कहा कि हर महिला को सुरक्षित महसूस करना चाहिए-चाहे वह रात में सड़क पर पैदल चल रही हो या मेट्रो और बस से यात्रा कर रही हो। यह स्थिति केवल दिल्ली-एनसीआर में ही नहीं, पूरे देश में बननी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस को कुछ सुझाव भी दिए। निःसंदेह पुलिस को सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त उसे लोगों और विशेष रूप से महिलाओं का भरोसा जीतने की भी जरूरत है, ताकि वे अपनी सुरक्षा संबंधी चिंताओं से उसे बेहिचक अवगत करा सकें। पुलिस को एक ओर जहां संवेदनशील बनना होगा, वहीं दूसरी ओर अपराधियों के प्रति और सख्त रवैया भी अपनाना होगा। यह रवैया हर किस्म के अपराधियों के प्रति अपनाने की आवश्यकता है। इसमें दोराय नहीं हो सकती कि पुलिस से महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के अतिरिक्त अन्य अपराधों के मामले में भी बहुत कुछ करने की अपेक्षा है। इसमें यह भी शामिल है कि वह अपनी जांच-पड़ताल में तेजी लाए, लेकिन ऐसी ही तेजी न्यायिक तंत्र को भी दिखानी होगी।

इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अन्य अनेक मामलों की तरह महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े मुकदमों में भी तारीख पर तारीख का सिलसिला कायम रहता है। यदि कभी निचली अदालतों से समय रहते फैसला आ भी जाता है तो उच्चतर अदालतों में देर हो जाती है। जब न्याय में देरी होती है तो इससे अपराधी तत्वों को राहत तो मिलती ही है, समाज को सही संदेश भी नहीं जाता। ऐसे भी उदाहरण हैं, जब कोई वर्षों जेल की सलाखों के पीछे पड़ा रहता है और बाद में वह निर्दोष पाया जाता है। यह अच्छी बात है कि गत दिवस गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नई न्याय संहिता के चलते निचली अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में तीन वर्ष के भीतर फैसला होगा, लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पुलिस के साथ वकीलों और न्यायाधीशों को भी अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करना होगा। यह ठीक नहीं कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध संबंधी कानून कठोर किए जाने के बाद भी ऐसे अपराध कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसा क्यों हो रहा है, इस पर पुलिस के साथ न्यायिक तंत्र, दोनों को ही विचार करना होगा। इसी के साथ यह भी आवश्यक है कि महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों को लेकर समाज भी चेते। भारत जैसे पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव समय की मांग है।

मरीजों का दोहन रुके

इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा मरीज पहले ही बीमारियों से गुजर रहा होता है। बीमारी और आर्थिक चिंता से जूझ रहे मरीज या उनके स्वजन को अस्पताल में राहत मिलने की जगह, उनका दोहन हो रहा है। कई रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि निजी अस्पताल के खर्चे लोगों को गरीब बना रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मेडिकल कालेजों और निजी अस्पतालों की फार्मेसियों में दवाओं को खरीद कीमत और पैक पर दर्ज अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) के बीच भारी अंतर का सामने आना व्यवस्थागत खामी है। अभी बीते माह ही सुप्रीम कोर्ट में भी इस प्रसंग पर चिंता व्यक्त की गई है। उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से प्रदेश के 214 अस्पतालों की फार्मेसियों की जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, वह हतप्रभ करने वाले हैं। खरीद कीमत से दस गुना से भी अधिक मूल्य पर बिक्री के साथ ही कुछ दवाओं में यह अंतर करीब 67 गुना तक पाया गया। आखिर इस दोहन का जिम्मेदार कौन है? कैंसर की दवाओं में 62 हजार रुपये से अधिक का अंतर बना रहना मरीजों के प्रति अन्याय और सरकारी तंत्र की विफलता है। आवश्यकता है कि प्रदेश और केंद्र सरकार दवाओं का अधिकतम खुदरा मूल्य निर्धारित करे। वैसे भी कोर्ट ने पूछा है कि खुदरा मूल्य पर 16 प्रतिशत की मार्जिन क्यों नहीं मानक बने? उम्मीद की जा सकती है कि सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद आम जन को राहत मिल सकेगी।

दवा के अधिकतम खुदरा मूल्य की मरीजों से मनमानी वसूली अंततः सरकारी निगरानी तंत्र की विफलता ही कही जाएगी

बदलते भारत के अनुरूप बने यूपीएससी



प्रेमपाल शर्मा

परीक्षा में वैकल्पिक विषय को खत्म करके और उम सीमा को घटाकर यूपीएससी को कुछ सुधार तुरंत करने की जरूरत है



समय के अनुसार सुधार आवश्यक। फाइल

देश के शासन-प्रशासन में युवाओं की मेरिट के आधार पर और निष्पक्ष भर्ती के लिए एक अक्टूबर, 1926 को शुरू हुई संस्था संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर लिए हैं। सरदार वल्लभ भाई पटेल के सपनों के अनुरूप 1950 में इसका नाम संघ लोक सेवा आयोग रखा गया था। यह तसल्ली की बात है कि इस संस्था पर अब तक कोई बड़ा दाग नहीं लगा है। हाल में प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस पक्ष की सराहना की और सिक्के एवं टिकट भी जारी किए, लेकिन बदलते भारत और 21वीं सदी में क्या इतना ही पर्याप्त है? यूपीएससी में सुधार के लिए कई पक्षों पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है।

इस साल मई में हुई यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा में ज्यादातर प्रश्न ऐसे थे, जिनका हमारे विश्वविद्यालयों की शिक्षा से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं था। प्रारंभिक परीक्षा और सी-सेट पर पिछले दस वर्षों में लगातार अंगुली उठती रही है। इस बात का सुबूत यह भी है कि अंतिम परिणाम में टाप करने वाले ज्यादातर उम्मीदवार प्रारंभिक परीक्षा में लगातार फेल होते रहे और फिर अचानक अंतिम परिणाम में टापर्स बन गए। इसकी गंभीरता को देखते हुए संसदीय समिति ने भी यूपीएससी से प्रारंभिक परीक्षा में सुधार की तुरंत सिफारिश की है। प्रारंभिक परीक्षा पर संदेह होने की वजह से मुख्य परीक्षा तक देश की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं नहीं जा पा रही हैं। आरक्षित वर्ग के प्रमाण-पत्र का मुद्दा भी बड़ा है। ईडब्ल्यूएस, ओबीसी आदि के फर्जी प्रमाण-पत्र की बाढ़ आई हुई है। दो साल पहले पूजा खेडकर का मामला कई हफ्तों तक सुर्खियों में रहा था। तब कई गड़बड़ियां सामने आईं। ओबीसी का नकली सर्टिफिकेट, दिव्यांग का सर्टिफिकेट, नाम में परिवर्तन क्या बिना अधिकारियों की मिलीभगत के संभव था? ओबीसी और क्रीमी लेयर का मामला भी सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि 2025 की परीक्षा में सफल हुए आइएएस, आइपीएस और दूसरे अधिकारी अभी तक मसूरी में ज्वाइन नहीं कर पाए हैं। पहले मसूरी में हर वर्ष एक सितंबर से ये अधिकारी नौकरी-प्रशिक्षण शुरू करते थे। यूपीएससी और नौकरशाही को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। प्रश्न संस्थान की साख का है। आखिर 25 लाख युवा आयोग की तरफ एक उकीन से देख रहे हैं।

लगभग 15 साल पहले मुख्य परीक्षा में पश्चिमी का पेपर शुरू किया गया था। क्या उसके वांछित परिणाम आ रहे हैं? ऐसा लगता तो नहीं, क्योंकि दर्जनों अधिकारी अपनी ट्रेनिंग के दौरान ही या शुरू के पांच वर्षों में भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए हैं। कुछ सख्त कदम और समीक्षा की जरूरत है। वैसे भी यूपीएससी हर 10 साल में अपनी परीक्षा प्रणाली की रिव्यू करता है। उम्मीदवारों की अधिकतम उम्मीद उम्र भी 21वीं सदी के नौजवानों की प्रतिभा को देखते हुए गले नहीं उतरती। अभी सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम उम्र 32 वर्ष और आरक्षित वर्ग के लिए 37 वर्ष है। जब सिविल सेवाओं में भर्ती शुरू हुई थी तो न्यूनतम आयु 18 और 23 थी। फिर 24 और 26 साल हुई। वर्ष 1979 में कोठारी कमेटी ने अधिकतम उम्र 28 वर्ष किया, क्योंकि तब तक शिक्षा देश के दूर-दराज के गांवों में उतनी नहीं फैली थी। पिछले 50 वर्षों में तो साक्षरता में सुधार हुआ है, लेकिन उम्र 28 से बढ़कर 32 और 37 कर दी गई। जब आइआइटी से निकले नौजवान 21 साल की उम्र में बड़े से बड़े स्टार्टअप और तकनीकी ऊंचाइयां छू रहे हैं, तब नौकरशाही में इतनी अधिक उम्र के अध्यर्थियों को लेना सरकार के हित में नहीं लगता। कोचिंग पर युवाओं की बढ़ती निर्भरता को कम करने का मामला भी देश के बार-बार सामने आता है, लेकिन कोई बड़ा सुधार अभी तक सामने नहीं आया है। कोचिंग संस्थानों की फीस बहुत महंगी होती है और कई बार हजारों छात्र 10 साल तक बड़े-बड़े शहरों में तैयारी करते रहते हैं। यह इस गरीब देश के अंतिम आदमी के लिए बहुत घातक है। इसलिए वैकल्पिक विषय को खत्म करके और उम्र सीमा को घटाकर कुछ सुधार तुरंत करने की जरूरत है। अन्य बड़े सुधारों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कोठारी आयोग जैसा आयोग बनाया जाए, जिसमें अकादमिक और तकनीकी क्षेत्र के विद्वान शामिल हों।

यूपीएससी एक परीक्षा संस्था है। इसके साथ न केवल एनटीए, बल्कि राज्यों के सभी आयोगों को भी जोड़ा जाना चाहिए। यूपीएससी का अनुभव इनके काम आना चाहिए। अभी हाल में कर्नाटक लोक सेवा आयोग में भी तमाम गड़बड़ियां सामने आईं हैं। एनटीए की परीक्षा प्रणाली पर भी लगातार अंगुली उठ रही है। सिर्फ पुलिस राज से कोई समाज या राष्ट्र आगे नहीं बढ़ सकता। देश के हर क्षेत्र और जीवन में भी नैतिकता एवं ईमानदारी की जरूरत है। सरदार पटेल ने जब भारतीय सिविल सेवा की पैरवी की थी तो उन्होंने इस देश को जोड़ने और मजबूत बनाने के हथियार के रूप में देखा था। उम्मीद है यूपीएससी आने वाले वर्षों में बिना किसी बड़े आंदोलन का इंतजार किए अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप तुरंत सुधार की तरफ बढ़ेगा। यही सुधार देश को विकसित भारत बनाएगा। यूपीएससी के सामने 100 वर्ष के बाद यह बड़ी चुनौती है।

(शिक्षाविद् लेखक भारत सरकार में संयुक्त सचिव रहे हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

ज्ञान

मनुष्य की प्रगति की वास्तविक गति उसके कदमों से नहीं, उसके ज्ञान से निर्धारित होती है। जीवन जितनी तेजी से आगे बढ़ता है, उतनी ही तेजी से मनुष्य को अपने भीतर समझ का विस्तार करना पड़ता है। केवल कर्म करते जाना पर्याप्त नहीं है। कर्म की दिशा सही हो, इसके लिए ज्ञान आवश्यक है। कर्मों का बंधन सहजता से नहीं टूटता, उन्हें क्षीण करने की यात्रा लंबी होती है। इस यात्रा में ज्ञान वह प्रकाश है, जो मनुष्य को स्वयं को समझने की दृष्टि देता है। ज्ञान प्राप्त करने की कोई निश्चित आयु नहीं होती। जीवन की प्रत्येक घटना, प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक अनुभव हमारे लिए शिक्षक बन सकता है। आवश्यकता केवल सीखने की दृष्टि बनाए रखने की है। हमारा मन एक ऐसे पात्र की तरह है, जिसे प्रतिदिन नए अनुभवों और विवेक के ज्ञान से भरना चाहिए, केवल ज्ञान के साथ विवेक भी जरूरी है, क्योंकि अज्ञान जितना हानिकारक हो सकता है, उतना ही गलत ज्ञान भी। अश्व कितना ही चंचल क्यों न हो, लगाम के नियंत्रण में ही उसकी गति सही दिशा में मोड़ी जा सकती है। यही बात मनुष्य के मन पर भी लागू होती है।

मन में अच्छे और बुरे, दोनों प्रकार के विचार उठते हैं। ज्ञान का उद्देश्य केवल जानकारी बढ़ाना नहीं, बल्कि मन को संयमित करना भी है। जब मन स्थिर होता है, तब ज्ञान धीरे-धीरे बोध में बदलने लगता है। ज्ञान की यात्रा श्रवण और पठन से शुरू होती है, फिर मनन तक पहुंचती है और अंततः अनुभव में उतरती है। केवल पढ़ लेना ज्ञान नहीं है। पढ़े हुए पर विचार करना, उसे समझना और फिर अपने व्यवहार में उतारना ही वास्तविक ज्ञानार्जन है। सच्चा ज्ञान वही है, जो हमारे शब्दों से अधिक हमारे आचरण में दिखाई दे। जब ज्ञान हमारे निर्णयों को विवेक, हमारे व्यवहार को विनम्रता और हमारे कर्मों को संयम देने लगे, तभी समझना चाहिए कि वह केवल मस्तिष्क में नहीं रहा, बल्कि जीवन का हिस्सा बन गया है।

प्रदीप छाजेड़

वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा

सुनीता मिश्रा

वित्तीय साक्षरता का अर्थ केवल अधिक पैसा कमाना नहीं, उपलब्ध धन का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करना भी है

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पहली बार कक्षा नौ के पाठ्यक्रम में व्यक्तिगत आयकर को शामिल किया है। सामाजिक विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक 'भारत और उससे बाहर समाज की समझ-भाग 2' में व्यक्तिगत आयकर गणना को एक अध्याय के रूप में जोड़ा गया है। 'अपनी व्यक्तिगत आय का प्रबंधन करना' शीर्षक वाले अध्याय में कहा गया है कि पैसे का प्रबंधन करने की यात्रा बचपन से ही शुरू हो जाती है। धन का प्रबंधन की नींव बचपन में ही पड़ती है। आज का बच्चा बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, आनलाइन खरीदारी और वित्तीय एप की दुनिया से बहुत पहले परिचित हो रहा है। यदि वह कमाई, बचत, बजट, ब्याज, ऋण, बीमा, निवेश और आयकर जैसी बुनियादी अवधारणाओं को समझकर बड़ा होता है तो उसके आर्थिक फैसले लेने की क्षमता मजबूत होगी।

वित्तीय साक्षरता वह जागरूकता, ज्ञान, व्यवहार और कौशल है, जो वित्तीय उपकरणों को समझने तथा उनका उपयोग करने के लिए आवश्यक है, ताकि व्यक्ति उचित समय पर सही आर्थिक निर्णय ले सके। छात्रों को केवल यह नहीं बताया जा रहा कि टैक्स क्या होता है, बल्कि उन्हें वास्तविक स्लैब के आधार पर कर की गणना भी सिखाई जा रही है। इसे पाठ्यक्रम में शामिल करने का महत्व इसलिए भी है, क्योंकि कर व्यवस्था आम नागरिक के जीवन से सीधे जुड़ी है। हालांकि, वित्तीय शिक्षा को केवल आयकर की गणना तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं होगा। छात्रों को यह भी समझाना जरूरी है कि बजट बनाना क्यों आवश्यक है, बचत और निवेश में क्या अंतर है, चक्रवृद्धि ब्याज कैसे काम करता है, कर्ज लेने की लागत क्या होती है, बीमा क्यों जरूरी है और डिजिटल लेन-देन के दौरान होने वाली धोखाधड़ी से कैसे बचा जा सकता है। शुरुआती स्तर पर मौजूदा व्यवस्था को समझाना व्यावहारिक हो सकता है, लेकिन आगे की कक्षाओं में छात्रों को अलग-अलग कर व्यवस्था की बुनियादी तुलना और कर नियोजन की अवधारणा से परिचित कराया जाना चाहिए।

एक ऐसा युवा जो अपनी आय का बजट बना सके, बचत की आदत विकसित करे, कर्ज के जोखिम को समझे, निवेश के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी से बच सके और अपने कर संबंधी दायित्वों को जानता हो, वह अपने परिवार की आर्थिक स्थिरता के साथ देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दे सकता है। बदलती अर्थव्यवस्था में जरूरत ऐसे नागरिकों की है जो अपने अधिकारों के साथ-साथ अपनी आर्थिक जिम्मेदारियों को भी समझें। कर की गणना सीखने वाला विद्यार्थी कल का समझदार करदाता बन सकता है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

जीएसटी सुधारों का नया अध्याय

'अगले सुधारों की पुख्ता तैयारी' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में निर्मला सीतारमण ने संकेत दिया है कि वस्तु एवं सेवा कर व्यवस्था में सुधारों की अगली कड़ी पर सरकार गंभीरता से काम कर रही है। यह संकेत ऐसे समय आया है, जब जीएसटी ने कर-संग्रह को मजबूत करने के साथ अर्थव्यवस्था के औपचारिकीकरण को गति दी है, लेकिन अब उसकी सफलता का पैमाना केवल राजस्व वृद्धि नहीं, बल्कि सरलता और व्यावसायिक सुगमता होना चाहिए। कर व्यवस्था जितनी सहज होगी, आर्थिक गतिविधियों का दायरा उतना ही व्यापक होगा। जीएसटी ने अनेक अप्रत्यक्ष करों को एक साझा ढांचे में समेटकर देश के बाजार को एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फिर भी दरों की बहुलता, वर्गीकरण संबंधी विवाद, अनुपालन की जटिलता और छोटे कारोबारियों पर प्रक्रियागत दबाव जैसी चुनौतियां पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं। इसलिए अगले सुधारों का उद्देश्य केवल दरों में फेरबदल नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था बनाना होना चाहिए जिसमें करदाता को नियम समझने में कम समय लगे और प्रशासन को निगरानी में कम संसाधन खर्च करने पड़ें। यहां एक बुनियादी प्रश्न भी है कि सुधार का लाभ किस तक पहुंच रहा है। यदि कर संरचना सरल होती है, लेकिन उपभोक्ता मूल्य, छोटे उद्यम की लागत और रोजगार पर उसका सकारात्मक असर दिखाई नहीं देता तो सुधार अधूरा माना जाएगा। राज्यों के राजस्व हितों को साथ लेकर चलना भी अनिवार्य है। दरअसल जीएसटी का अगला अध्याय दरों से अधिक भरोसे का होना चाहिए। स्थिर नियम, कम विवाद, त्वरित समाधान और तकनीक आधारित पारदर्शिता ही कर सुधार को वास्तविक आर्थिक सुधार में बदल सकती है।

awanishg30@gmail.com

मेलबाक्स

महंगाई और विकास के बीच संतुलन

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक ऐसे समय हो रही है, जब भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने महंगाई और विकास के बीच संतुलन साधने की कठिन चुनौती खड़ी हो गई है। अगस्त में खुदरा महंगाई का बढ़कर 4.82 प्रतिशत पर पहुंच जाना, खाद्य महंगाई का करीब छह प्रतिशत होना और पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने आरबीआइ की चिंता बढ़ा दी है। ऐसे में सात अक्टूबर को मौद्रिक नीति की घोषणा पर बाजार की निगाहें टिकी हैं। अर्थशास्त्रियों के एक बड़े वर्ग को 25 आधार अंक की रेपो दर वृद्धि की उम्मीद है। ऐसा हुआ तो रेपो दर 5.25 से बढ़कर 5.50 प्रतिशत हो जाएगी, लेकिन असली सवाल केवल यह नहीं है कि आरबीआइ दर बढ़ाएगा या नहीं। बड़ा प्रश्न यह है कि क्या भारतीय अर्थव्यवस्था फिर उस दौर में प्रवेश कर रही है, जहां महंगाई को नियंत्रित करने के लिए ब्याज दरों का सहारा लेना पड़ेगा? अगस्त की खुदरा महंगाई दर 4.82 प्रतिशत रही, जबकि जुलाई में यह 4.45 प्रतिशत थी। चिंता की बात यह है कि महंगाई लगातार तीसरे महीने आरबीआइ के चार प्रतिशत के मध्यम अवधि लक्ष्य से ऊपर रही है। अगस्त में खाद्य महंगाई 5.95 प्रतिशत रही। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई 5.23 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 4.31 प्रतिशत रही। यह आंकड़ा इसलिए महत्वपूर्ण है कि महंगाई अब केवल किसी एक-दो खाद्य वस्तु की कीमत बढ़ने तक सीमित नहीं दिख रही। खाद्य पदार्थों के साथ गैर-खाद्य वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में भी दबाव दिखाई दे रहा है। अगस्त में कोर महंगाई भी बढ़कर करीब 4.2 प्रतिशत हो गई थी। अर्थात आरबीआइ के सामने चुनौती केवल सब्जी, अनाज या खाद्य तेल की कीमत नियंत्रित करने की नहीं है। यदि कीमतों में बढ़ोतरी व्यापक होती है तो उसका असर लोगों की महंगाई की अपेक्षाओं पर भी पड़ता है। यही वह स्थिति है जिससे केंद्रीय बैंक सबसे ज्यादा बचना चाहता है।

युगल किशोर राही, छपरा, बिहार

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें:

दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,

डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा

ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, अई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*

दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : (0120)-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com. R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

आजकल

शहरों में बेहतर ढांचा निर्माण के लिए राजस्व

भारत अपनी अर्थव्यवस्था को 30 लाख करोड़ डालर तक पहुंचाने के प्रयासों में जुटा है, लेकिन इसके साथ ही कुछ विडंबनाएं भी हैं। भारत के अधिकांश शहर ऐसे हैं जो नालों और सड़कों की मरम्मत के लिए भी आसानी से पैसा नहीं जुटा पाते। यह केवल नगर निगम की प्रशासनिक असुविधा नहीं है, बल्कि शहरों में केंद्रित होती अर्थव्यवस्था की उत्पादकता पर बड़ा ब्रेक भी है। बेहतर ढांचा निर्माण के लिए शहरों को संबंधित राज्य सरकारों की ओर से मिलने वाले बजट पर निर्भर रहना पड़ता है। शहर अपने स्रोत से राजस्व का सृजन बहुत कम ही कर पाते हैं, लिहाजा इस व्यवस्था में बदलाव अपेक्षित है


प्रतीकात्मक


डा. विकास सिंह
मैनेजमेंट गुरु तथा वित्तीय एवं सम्राट विकास के विशेषज्ञ

विश्व बैंक के अनुसार, वर्ष 2036 तक भारत की 60 करोड़ जनसंख्या शहरों में निवास करेगी। शहर अभी जीडीपी में 63 प्रतिशत तक का योगदान देते हैं, जो तब तक 75 प्रतिशत हो सकता है। अगले 15 वर्षों में भारत को लगभग 840 अरब डालर यानी हर साल करीब 55 अरब डालर के शहरी बुनियादी ढांचे में निवेश की जरूरत होगी। लेकिन इस इन्फ्रास्ट्रक्चर को धरातल पर उतारने वाले नगर निगम आर्थिक रूप से बेहद कमजोर हैं। भारत अपने शहरों से तेज विकास की उम्मीद तो कर रहा है, लेकिन उन्हें वित्तीय रूप से सक्षम बनाए बिना।

कमान राज्यों के पास : 74वें संविधान संशोधन ने नगर निकायों को संवैधानिक दर्जा दिया और 18 कार्य सौंपने की सिफारिश की। लेकिन अधिकार और वित्तीय हस्तांतरण राज्यों की इच्छा पर छोड़ दिया गया। नीति आयोग की समीक्षा दर्शाती है कि अर्बन प्लानिंग आज भी मुख्य रूप से राज्यों के हाथ में है। पानी, सीवरेज, ट्रांसपोर्ट और प्लानिंग जैसी जिम्मेदारियां राज्य के विभागों या बोर्डों के पास हैं, जो नगर निगमों के प्रभावी नियंत्रण से बाहर हैं। शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर का 75 प्रतिशत से ज्यादा खर्च कैंट और राज्य सरकारें उठाती हैं। नगर निकाय अपनी कमाई से महज 15 प्रतिशत खर्च ही निकाल पाते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के 232 नगर निगमों के अध्ययन से पता चला कि अधिकांश निकायों की अपनी कमाई इतनी भी नहीं है कि वे अपने दैनिक प्रशासनिक खर्च निकाल सकें। भारत ने जिम्मेदारियों का विकेंद्रीकरण तो किया, लेकिन वित्तीय शक्तियां अपने पास रखीं। इसका नुकसान केवल नगर निगम के खर्चों तक सीमित नहीं रहता। जब बुनियादी ढांचा फेल होता है, तो उसकी सीधी कीमत कारोबारियों और आम जनता को चुकानी पड़ती है।

संपत्ति कर : नगर निगमों की कमजोरी का सबसे बड़ा सुबूत प्रापर्टी टैक्स है। विश्व बैंक के अनुसार, वर्ष 2011-18 के दौरान भारत में शहरी प्रापर्टी टैक्स से कमाई जीडीपी का सिर्फ 0.15 प्रतिशत थी, जबकि अन्य निम्न और मध्यम आय वाले देशों में यह 0.3 प्रतिशत से 0.6 प्रतिशत है। आरबीआइ ने अधूरी संपत्ति-पंजीकरण प्रणाली और कमजोर कर-संग्रह प्रणाली की ओर इशारा करते हुए जीआइएस मैपिंग, डिजिटल भुगतान और डायनेमिक वैल्यूएशन की सिफारिश की है। लेकिन समस्या केवल तकनीक की नहीं है। कई राज्यों में टैक्स की दरें तय करने, छूट देने या संशोधन करने का अधिकार राज्य सरकारों के पास ही है। सीएजी की रिपोर्ट दर्शाती है कि राज्य स्तर के फैसलों के कारण नगर निगमों के टैक्स सुधार अटके रहे।

वहीं राजनीतिक समीकरण साफ है- टैक्स बढ़ाने पर तुरंत जन-असंतोष झेलना पड़ता है, जबकि बेहतर जल निकासी या साफ सड़कों का फायदा लंबे समय बाद दिखता है। इसलिए राज्य सरकारें राजनीतिक जोखिम लेने से बचती हैं और नगर निगम अनुदानों पर निर्भर बने रहते हैं। नतीजा यह है कि मूल्यांकन बाजार दरों से पीछे छूट जाता है, नई संपत्तियां टैक्स के दायरे से बाहर रहती हैं और संग्रह कमजोर बना रहता है। भारत में शहरीकरण की समस्या सरकारी आंकड़ों से भी बड़ी है। जनगणना में एक श्रेणी है 'जनगणना नगर'- ऐसी आबादी जहां कम से कम 5,000 लोग हों, घनत्व 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी से अधिक हो और 75 प्रतिशत पुरुष गैर-कृषि कार्यों में हों। इसके बावजूद प्रशासनिक रूप से इन्हें आज भी 'ग्रामीण' माना जाता है और ये निगमों की जगह पंचायतों से संचालित होते हैं।

पता ग्रामीण, आर्थिक जीवन शहरी : एक परिवार कागजों में गांव में रह सकता है, लेकिन उसके लोग पास के शहर में काम करते हैं, शहरी सड़कों और सेवाओं पर निर्भर हैं। पता ग्रामीण है, लेकिन आर्थिक जीवन पूरी तरह शहरी। विश्व बैंक का अनुमान है कि 2030 तक भारत की 70 प्रतिशत नई नौकरियां शहरों से आएंगी। भारत भले ही गांवों में रहता हो, लेकिन उसकी कमाई का बड़ा हिस्सा शहरों से आ रहा है। यदि सरकार आर्थिक रूप से शहरी क्षेत्रों को ग्रामीण मानती रहेंगी, तो अर्थव्यवस्था प्रशासनिक व्यवस्था से आगे निकल जाएगी और इंफ्रास्ट्रक्चर पीछे छूट जाएगा।

लैंड-वैल्यू कैप्चर : जब सार्वजनिक धन से इन्फ्रास्ट्रक्चर बनता है, तो आसपास की निजी जमीनों के दाम बढ़ जाते हैं। मेट्रो स्टेशन बनने या रिंग रोड या हाइवे निर्माण से जमीन की कीमत कई गुना बढ़ जाती है। सरकारी पैसे से निजी संपत्ति की कीमत तो बढ़ती है, लेकिन नगर निगम इस बढ़े मूल्य का बहुत छोटा हिस्सा ही टैक्स के रूप में वापस पा पाते हैं। इसे 'लैंड-वैल्यू कैप्चर' के जरिए बदला जा सकता है। बेटरमेंट लेवी, डेवलपमेंट चार्ज और ईंपैक्ट फीस के माध्यम से सार्वजनिक निवेश से पैदा हुई संपत्ति का हिस्सा सरकारी खजाने में वापस लाया जा सकता है। हांगकांग और सिंगापुर ने इस माडल का प्रभावी उपयोग किया है।

बाजील का 'फोर्टलेजा' शहर भारत के लिए अच्छा उदाहरण है। उसने संपत्ति रिकार्ड सुधारे, खर्चों पर लगाम लगाई और स्थानीय शुल्कों का पुनर्गठन करके निजी पूंजी को आकर्षित किया। विश्व बैंक समर्थित कार्यक्रम के तहत शहर की बचत दर 2.45 प्रतिशत से बढ़कर पांच प्रतिशत होने की उम्मीद है। सबक यह नहीं कि ब्राजील के टैक्स सिस्टम की नकल की जाए, बल्कि यह है कि शहरों को अपने राजस्व पर इतना नियंत्रण दिया जाए कि वे वित्तीय अनुशासन हासिल कर सकें। वरना आम करदाता सड़क का खर्च उठाएंगे और धू-स्वामी मुनाफा कमाएंगे, जिससे शहर अगली सड़क के लिए तरसता रहेगा।

इन्फ्रास्ट्रक्चर को बनाया जाए अधिकतम उपयोगी

भारत को एक व्यापक म्युनिसिपल बांड मार्केट की जरूरत है। नीति आयोग की 2026 की समीक्षा के अनुसार, वर्ष 2017 से 2025 के बीच केवल 25 म्युनिसिपल बांड के जरिए 3,579 करोड़ जुटाए जा सके। वित्त वर्ष 2021-22 में म्युनिसिपल आय में बांड कर्ज का हिस्सा महज 2.4 प्रतिशत था। अमृत योजना के तहत 468 शहरों की क्रेडिट रेटिंग की गई, जिनमें से केवल 162 शहर ही निवेश योग्य पाए गए। ऐसे में 840 अरब डालर की जरूरत के सामने भारत का म्युनिसिपल कैपिटल मार्केट बेहद छोटा है। निवेशक उसी शहर में पैसा लगाते हैं जहां की आय विश्वसनीय हो और कर्ज चुकाने की क्षमता हो। म्युनिसिपल बांड किसी शहर के प्रशासनिक सुधारों का 'परिणाम' होना चाहिए, उनका विकल्प नहीं। सक्षम शहरों को अपनी कमाई के बल पर कर्ज लेने की छूट होनी चाहिए, जबकि कमजोर निकायों को पहले अपने टैक्स रजिस्टर और खातों को ठीक करना चाहिए। इससे शहरों के बीच पूंजी के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बनेगी : जरूरतों के लिए अनुदान, कमजोर शहरों के लिए सुधार और सक्षम शहरों के लिए बाजार।

भारत इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की घोषणा करने में माहिर हो चुका है, लेकिन असली चुनौती उद्घाटन के बाद शुरू होती है। नालों की सफाई, सड़कों की मरम्मत, बसों के रिप्लेसमेंट और कचरा प्रबंधन के लिए नियमित बजट चाहिए। आंकड़ों के अनुसार, भारत के 10 सबसे बड़े नगर निगम भी अपने पूंजीगत बजट का केवल दो-तिहाई हिस्सा ही खर्च कर पाते हैं। एक हजार करोड़ रुपये की कोई परियोजना अगर सही रखरखाव के अभाव में बदहाल हो जाए, तो वह संपत्ति नहीं, बल्कि एक घटती हुई देनदारी बन जाती है। इसलिए शहरों का मूल्यांकन केवल इस बात पर नहीं होना चाहिए कि उन्होंने कितना निर्माण किया, बल्कि इस पर होना चाहिए कि उन्होंने कितना राजस्व जुटाया और रखरखाव पर कितना खर्च किया।

इसके लिए राज्यों और शहरों के बीच एक नए करार की जरूरत है। राज्यों को निश्चित अनुदान देने के साथ-साथ उन शहरों को पुरस्कृत करना चाहिए जो अपनी कमाई और सेवाओं में सुधार करते हैं। शहरों को अधिक जवाबदेही के बदले करों और यूजर शुल्कों पर अधिक नियंत्रण मिलना चाहिए। उद्देश्य हर नगर निगम को रातों-रात वित्तीय रूप से पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाना नहीं, बल्कि उन्हें उनके निर्यातन वाले फैसलों के प्रति जवाबदेह बनाना है। शहर केवल आबादी के केंद्र नहीं हैं, वे आर्थिक उत्पादन की प्रणालियां हैं। वे श्रमिकों को कंपनियों से, कंपनियों को सप्लायर्स से और उत्पादकों को बाजार से जोड़ते हैं। मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर लाजिस्टिक्स लागत घटाता है और समय बचाता है, जबकि खराब इन्फ्रास्ट्रक्चर इन सभी फायदों को खत्म कर देता है। जलभराव वाली सड़क डिलीवरी में देरी करती है, जाम उत्पादक घंटों को खा जाता है व पानी की अनुपलब्धता कंपनियों का खर्च बढ़ा देती है।

विश्व बैंक के अनुसार, वर्ष 2050 तक भारत को टिकाऊ और आधुनिक शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए 2.4 लाख करोड़ डालर से अधिक की आवश्यकता होगी। भारत अपनी अगली पीढ़ी के शहरों को केवल कैंट और राज्य के भरोसे नहीं छोड़ सकता, जबकि नगर निगम कम टैक्स वसूलते रहें और राज्य मुख्य शक्तियां दबाए रखें। सुधार का रास्ता सीधा है: शहरों को संपत्ति-कर का उचित अधिकार दें, सार्वजनिक निवेश से निर्मित संपत्ति के मूल्य का हिस्सा उन्हें हासिल करने दें, सक्षम शहरों को बांड मार्केट में उतरने दें और स्थानीय निकायों को प्रशासनिक व वित्तीय स्वायत्तता दें। शहर एक आर्थिक संस्था है और उसकी बैलेंस शीट भारत के विकास की बैलेंस शीट का हिस्सा है। भारत ने पिछला दशक राष्ट्रीय इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने में बिताया; अगला दशक उन स्थानीय संस्थाओं को मजबूत करने का होना चाहिए जो इस इन्फ्रास्ट्रक्चर को वास्तव में उपयोगी बनाती हैं। देश के विकास का अगला दौर शहरों से होकर गुजरेगा।

(डा. विकास सिंह)

खरी-खरी

ग्राहक रूपी मछली

विनय कुमार पाठक

हां, मुझे तुम यूं भूला न पाओगे, जब कभी भी सुनोगे गीत मेरे, संग-संग तुम भी गुनगुनाओगे... ! यह तो बात हो गई फिल्मी गाने की। ऐसा ही कुछ-कुछ व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी कहते हैं। उनका कहना होता है कि मेरे झमेले तो तुम यूं मिटा न पाओगे, जब कभी भी कोशिश करोगे खुद को असमर्थ पाओगे।

अपने देश में प्राइवेसी नाम की चीज विलुप्त श्रेणी में शामिल हो गई है। न जाने कहां से आपका मोबाइल नंबर और आपका झमेला पड़ैस न नामुरादों को मिल जाता है। फिर शुरू होता है स्पैम काल का दौर। इन काल्स को ब्लाक करना भी मनुष्य के बूते में नहीं होता। आप ब्लाक कर भी दोगे तो भी आपके पास काल आते रहेंगे। और यदि एक नंबर ब्लाक हो भी जाए तो उनके पास नंबरों की कमी नहीं होती। तकनीक के जमाने में न जाने कैसी-कैसी सुविधाएं हो गई हैं काल करने की।

झमेला को भी ये इस तरह बनाते हैं कि बिना खेले इन्हें डिलीट करना बहुत मुश्किल हो जाता है। और खेलने के बाद भी सभी झमेला को डिलीट करना संभव नहीं होता। कुछ में डिलीट बटन होता ही नहीं। और कुछ में होता है तो आपके डिलीट के आइकान को छूने से कोई फर्क नहीं पड़ता। काफी मोटी चमड़ी होती है इस प्रकार के झमेलों की- हमारे नेताओं की तरह। मेल डिलीट होने के स्थान पर खुलकर आपके सामने आकर आपकी मुंह चिढ़ाने लगता है। अब आप गुनगुनाते रहो, तू मेरे सामने... मैं तेरे सामने... तुझको देखूं के प्यार करूं....।

नियामक कहते रहें कि कंपनियां डार्क पैटर्न का प्रयोग नहीं कर सकतीं। डार्क पैटर्न अपनाना क्या, कंपनियां तो शार्क की तरह मुंह खोले ग्राहक रूपी मछली को निगलने के लिए तैयार रहती हैं। उनके साइट पर पेमेंट करने जाओ तो वे सक्रिय करने के तरीके से आटो पे की सक्रिय कर देंगे और फिर जब खाते से पैसे कटने लगें तो फिर सोचते रहें ग्राहक कि कैसे इस आटो-पे के चक्रव्यूह से बाहर निकलें। कुछ जानकार तो बाहर निकल लेते हैं, पर जो उतने जानकार नहीं हैं वे अभिमन्यु की तरह फंस जाते हैं इनके चक्रव्यूह में। और फिर नियत तारीख को उनके खाते से रकम लीक हो जाती है।

एक्स पोस्ट

जहां रामपंथ एक बौद्धिक विकार की तरह है, वहीं दक्षिणपंथ बौद्धिकता से कुपोषित दिखता है।
शैलेंद्र सिंह @sssingh21


प्रदर्शन की आड़ में सभी पुलिसवालों को गालियां देना बंद करो। वे भी हमारे बीच से हैं। किसी के भाई हैं, किसी के बेटे, किसी के पिता। अच्छे-बुरे तो हर क्षेत्र में होते हैं। सभी पुलिसवालों को विलेन दिखाने का प्रयास घोर निंदनीय है।
मीनाक्षी जोशी @IMinakshiJoshi

समाजवादी पार्टी द्वारा उद्योगपति धनराज नाथवानी को राज्यसभा भेजे जाने पर किसी को भी कोई खास हैरानी नहीं होनी चाहिए। देखा जाए तो सपा कभी कारपोरेट विरोधी नहीं रही।उसकी मदद से अनिल अंबानी और संजय सेठ जैसे व्यवसायी पहले भी राज्यसभा के सदस्य बन चुके हैं।
मारिया शकील @maryashakil

राज्यसभा के लिए उत्तर प्रदेश से भाजपा के आठों उम्मीदवार पार्टी के कोर और कर्मठ कार्यकर्ता रहे हैं। पार्टी द्वारा किसी बाहरी उद्योगपति टाइप के व्यक्ति को अपना प्रत्याशी नहीं बनाया गया है। यह कदम स्वागतयोग्य है।
सुमित अवस्थी @awasthis

फुटबाल, सियासत और भरोसे की वापसी


जयकृष्ण राजपेयी
राज्य ब्यूरो प्रमुख, बंगाल

बंगाल डायरी

बंगाल में फुटबाल केवल एक खेल नहीं, बल्कि भावनाओं, पहचान और सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा रहा है। कोलकाता के युवा भारती क्रीड़ांगन (साल्टलेक स्टेडियम) में होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैच इस जुनून को नई ऊंचाई देते हैं। लेकिन पिछले वर्ष अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी से जुड़े कार्यक्रम के दौरान जो अव्यवस्थित प्रबंधन देखने को मिला, उसने इस परंपरा पर एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया था। टिकट होने के बावजूद हजारों दर्शकों का स्टेडियम में प्रवेश न कर पाना केवल एक आयोजन की विफलता नहीं, बल्कि जनता के भरोसे पर चोट थी।

इसी पृष्ठभूमि में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की ओर से छह अक्टूबर, मंगलवार को भारत-उरुग्वे मैच के लिए 22 हजार मुफ्त टिकट देने की घोषणा को केवल 'मुआवजा' नहीं, बल्कि एक राजनीतिक-सांस्कृतिक संदेश के रूप में देखा जाना चाहिए। यह निर्णय उस असंतोष को शांत करने की कोशिश है, जो मेसी प्रकरण के बाद लंबे समय तक बना रहा। यह कदम यह संकेत भी देता है कि नई सरकार खेल आयोजनों को केवल प्रचार का माध्यम नहीं, बल्कि जनता से सीधे जुड़ने के अवसर के रूप में देख रही है।

मेसी प्रकरण की स्मृति अभी धुंधली नहीं हुई है। उस आयोजन में भारी भीड़, बीआइपी संस्कृति और प्रबंधन की कमी ने हालात को इतना बिगाड़ दिया था कि स्वयं मेसी को भी बीच कार्यक्रम में स्टेडियम छोड़ना पड़ा। यह घटना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बनी और बंगाल की खेल-प्रबंधन क्षमता पर सवाल उठे। ऐसे में वर्तमान सरकार के लिए यह जरूरी था कि वह न केवल आयोजन क्षमता में सुधार दिखाए, बल्कि जनता का विश्वास भी फिर से अर्जित करे।


पिछले वर्ष साल्टलेक स्टेडियम में मेसी के कार्यक्रम के दौरान हुई थी तोड़फोड़। फाइल

पिछले शनिवार को भारत-ब्राजील मैच इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत देता है। पांच बार के विश्व चैंपियन ब्राजील के खिलाफ भारतीय टीम की 0-4 से हार भले ही स्कोरबोर्ड पर दिखी हो, लेकिन मैदान पर खिलाड़ियों की जुझारू मानसिकता और संगठित खेल ने दर्शकों का दिल जीता। ब्राजील के मिडफील्डर ब्रूनो गुइमाराएस का यह कहना कि 'मैं भारत का फैन बन गया हूं' केवल एक शिष्टाचार नहीं, बल्कि भारतीय फुटबाल के बदलते आत्मविश्वास का संकेत है। वहीं दिग्गज कोच कार्लो ऐंसेलोटी द्वारा भारतीय टीम के संगठन और प्रति-आक्रमण की तारीफ इस बात का प्रमाण है कि फुटबाल अब केवल भागीदारी तक सीमित नहीं रहना चाहता।

यही एक दिलचस्प राजनीतिक समानता भी दिखती है। ओडिशा सरकार ने जिस तरह से भारतीय हाकी टीम के साथ दीर्घकालिक साझेदारी बनाई और उसे वैश्विक पहचान दिलाने में योगदान दिया, उसी माडल को अब बंगाल में फुटबाल के लिए अपनाने की चर्चा हो रही है। मुख्यमंत्री द्वारा यह संकेत देना कि राज्य सरकार भारतीय फुटबाल टीम के साथ खड़ी होगी, एक बयान नहीं, खेल नीति में बदलाव का संकेत है।


दरअसल, खेल और राजनीति का संबंध नया नहीं है, लेकिन इसका स्वरूप बदल रहा है। पहले जहां खेल आयोजन सत्ता के प्रदर्शन का माध्यम बनते थे, वहीं अब वे 'गवर्नेंस' और 'ब्रांड बिल्डिंग' के उपकरण बनते जा रहे हैं। बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद यह बदलाव और स्पष्ट दिख रहा है। नई सरकार के लिए यह अवसर भी है और चुनौती भी- अवसर इसलिए कि वह अपनी प्रशासनिक दक्षता को खेल के माध्यम से प्रदर्शित कर सकती है, और चुनौती इसलिए कि जनता की अपेक्षाएं पहले से कहीं अधिक हैं।

मुफ्त टिकट देने का निर्णय एक ओर जहां मेसी प्रकरण के पीड़ित दर्शकों के लिए राहत है, वहीं दूसरी ओर यह 'जन-भागीदारी' का प्रतीक भी है। यह संदेश देता है कि खेल केवल अभिजात वर्ग या बीआइपी के लिए नहीं, बल्कि आम दर्शकों के लिए है, जो अपनी जेब से टिकट खरीदकर मैदान में आते हैं और टीम का मनोबल बढ़ाते हैं। अगर इस भावना को निरंतर बनाए रखा गया, तो यह भारतीय फुटबाल के लिए एक नई शुरुआत साबित हो सकती है। हालांकि, केवल घोषणाएं पर्याप्त नहीं होंगी। असली परीक्षा छह अक्टूबर के मैच और भविष्य के आयोजनों में होगी। क्या भीड़ प्रबंधन बेहतर होगा?

फुटबाल के बहाने बंगाल एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। मेसी प्रकरण ने जो चोट पहुंचाई थी, उसे भरने के लिए केवल एक मैच या एक घोषणा काफी नहीं है, लेकिन यह एक महत्वपूर्ण शुरुआत जरूर हो सकती है। यदि सरकार, खेल संघ और आयोजक मिलकर एक पारदर्शी, पेशेवर और दर्शक-केंद्रित व्यवस्था बना पाते हैं, तो वह दिन दूर नहीं जब कोलकाता फिर से एशिया की फुटबाल राजधानी के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर सकेगा। फुटबाल के इस नए अध्याय में सबसे अहम किरदार वही दर्शक हैं, जो कभी निराश होकर लौटे थे और अब फिर उम्मीद के साथ स्टेडियम की ओर देख रहे हैं। अगर उनकी उम्मीदें पर खरा उतरा गया, तो यह केवल एक मैच की सफलता नहीं होगी, बल्कि भरोसे की वापसी की कहानी होगी- एक ऐसी कहानी, जिसमें खेल, राजनीति और जनता तीनों की जीत होगी।

जागरण जनमत कल का परिणाम

क्या वनडे विश्व कप की तैयारियों के सिलसिले में गंदवाड़ी भारत की सबसे कमजोर कड़ी बनती दिख रही है?



सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या भारत की मध्यस्थता में रूस और यूक्रेन के बीच शांति संभव है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है


जनपथ

'मच्छर' से नाहरत इन्हें 'काकरोच' से प्यार,
गाजा पर करते दिखे हरदम हा हा कार।
हरदम हा हा कार नाम हनुमत का आए,
फिर तो काला नाग सूंघ इन सबको जाए!
करता दिखता नाज विश्व पूरा स्मित पर,
जिनको नजरंदाज कर रहे सेयुलर मच्छर!!
-ओम प्रकाश तिवारी

उच्च शिक्षा

छात्रों की बढ़ती भागीदारी

उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात 2014-15 में 23.7 से 2023-24 में 30 प्रतिशत तक पहुंच गया। यह उच्च शिक्षा तक छात्रों की बढ़ती पहुंच और शिक्षा में भागीदारी को दर्शाता है


डा. अमरजीत कुमार
शिक्षा मामलों के जानकार

उच्च शिक्षा से संबंधित अखिल भारतीय सर्वेक्षण (आल इंडिया सर्वे आन हायर एजुकेशन-एआइएसएचई) की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। देश में उच्च शिक्षा की स्थिति, नामांकन, संस्थानों और विद्यार्थियों से संबंधित व्यापक आंकड़े जुटाने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा एआइएसएचई की वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित की जाती है। ये आंकड़े उच्च शिक्षा की वर्तमान स्थिति को समझने और भविष्य की नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण आधार प्रदान करते हैं। इस दिशा में हुई प्रगति राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उस महत्वपूर्ण लक्ष्य की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, जिसके तहत वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा का जीईआर 50 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

एआइएसएचई के आंकड़ों के अनुसार बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तरपूर्व के राज्यों में उच्च शिक्षा में जीईआर राष्ट्रीय दर से कम है, ऐसे में राज्यों को इसके लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। साथ ही इन राज्यों में उच्च शिक्षा तक विद्यार्थियों की पहुंच बढ़ाने और नामांकन दर में सुधार के लिए प्रभावी एवं लक्षित प्रयासों की आवश्यकता है।

इसी क्रम में पिछले दिनों नवनियुक्त सहायक प्राचार्यों के उन्मुखी कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने उच्च शिक्षा में बिहार के जीईआर में बढ़ोतरी के लिए 211 प्रखंडों में डिग्री कालेजों की स्थापना और 2026 से शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के लिए इन महाविद्यालयों में हुई बहाली की प्रक्रिया को रिकार्ड समयसीमा में पूरा किया जाना भी उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। ऐसे में जहां प्रवेश स्तर पर उच्च शिक्षा के संस्थानों की उपलब्धता से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने स्थानीय परिवेश में ही स्नातक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सकेगा, वहीं सभी राज्यों को ऐसे प्रयास करने की आवश्यकता है। जहां तक महिलाओं की भागीदारी का प्रश्न है, तो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। लैंगिक समानता सूचकांक (जीपीआइ), जो उच्च शिक्षा में महिला जीईआर और पुरुष जीईआर के अनुपात को दर्शाता है, वर्ष 2023-24 में 1.08 रहा। महत्वपूर्ण यह कि जीपीआइ लगातार सात वर्षों से एक से अधिक बना हुआ है, जो उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी में सुधार और लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति को दर्शाता है।

भारत में उच्च शिक्षा के विकास में आधारभूत संरचना के साथ-साथ उच्च शिक्षण संस्थानों में नियुक्ति की प्रक्रिया को भी दुरुस्त करने की जरूरत है। पिछले दिनों मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कर्नाटक में विश्वविद्यालयों में 70 प्रतिशत सीटें खाली हैं जिस पर स्थाई शिक्षकों की बहाली अभी तक नहीं हो पाई है, जबकि यही स्थिति कमोबेश कई राज्यों में है।

ऐसे में यह समझने की जरूरत है कि बहाली की प्रक्रिया को कैसे पारदर्शी और प्रभावी तरीके से किया जाए। हालांकि राज्य सरकारों के लिए कुछ नई चुनौतियां भी आ रही हैं जिस पर गौर करने की जरूरत है। पिछले दिनों बिहार में सहायक प्राचार्यों की हुई चयन प्रक्रिया को समिति की अनुशंसा के आधार पर किया गया था। बहाली प्रक्रिया को लेकर कई अध्यर्थी आमने-सामने दिखे और चयन प्रक्रिया में एक पक्ष एकेडमिक परफार्मेंस इंडेक्स (एपीआइ) को लागू करने पक्ष में दिखे, वहीं दूसरे इसे हटाने के पक्ष में, जबकि दोनों पक्ष समिति की लिखित परीक्षा की अनुशंसा का विरोध और वस्तुनिष्ठ परीक्षा मांग करते दिखे।

आगामी वर्षों में एनईपी 2020 के प्रविधानों से भी उच्च शिक्षा जीईआर में सुधार होने की संभावना है, क्योंकि एनईपी विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाने के साथ-साथ उन्हें शिक्षा व्यवस्था से जोड़े रखने पर भी जोर देती है। बहु-प्रवेश एवं बहु-निकास व्यवस्था (एमईएमई), शैक्षणिक बैंक आफ क्रेडिट, लचीले पाठ्यक्रम और आर्थिक सहायता जैसे प्रविधान उन विद्यार्थियों के लिए अवसर बढ़ाते हैं, जो आर्थिक, पारिवारिक या अन्य परिस्थितियों के कारण पढ़ाई बीच में छोड़ देते हैं। विद्यार्थी अपनी अर्जित शैक्षणिक उपलब्धियों और क्रेडिट को सुरक्षित रखते हुए उपयुक्त समय पर पुनः पढ़ाई जारी कर सकते हैं, जिससे उच्च शिक्षा से उनका जुड़ाव बना रह सकता है। इसका प्रत्यक्ष संबंध अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण में दर्ज नामांकन और सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि से भी है। वहीं उच्च शिक्षा बच्चों के बौद्धिक क्षमता के विकास के साथ-साथ नवाचार, अनुसंधान और समीक्षात्मक बोध से भी जुड़ा हुआ है अतः उच्च शिक्षा में जीईआर के 50 प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करना बहुआयामी उद्देश्यों की पूर्ति के रूप में देखा जाना चाहिए।


व्यवस्थागत सुधारों के कारण उच्च शिक्षा में निरंतर बढ़ रही छात्रों की संख्या। फाइल

चीन के पांच उत्पादों के खिलाफ डंपिंग-रोधी जांच शुरू

नई दिल्ली: भारत ने घरेलू निर्माताओं की शिकायतों के आधार पर चीन से इंजीनियरिंग और रासायनिक क्षेत्र के पांच उत्पादों के खिलाफ डंपिंग-रोधी जांच शुरू की है। यह जांच वाणिज्य मंत्रालय की शाखा डीजीटीआर की ओर से की जा रही है। जिन उत्पादों की जांच की जा रही है उनमें टेक्सटाइल उद्योग में इस्तेमाल होने वाला पर्सल्फेट्स, क्लाइलैमिक एसिड, कुछ काउटर वैलेंस फ्लोकैलिएट्स, आंतरिक यूव वाले तांबे के ट्यूब व पाइप और फैब्रिक में इस्तेमाल होने वाला कैप्रोलैक्टम शामिल है। (प्रेट्र)

अनिश्चित और मुश्किलों से भरी दुनिया में भारत की इकोनमी मजबूत है और कई इंडिकेटर्स दिखाते हैं कि देश एक स्थिर और मजबूत जगह पर है।
– एन. चंद्रशेखरन, चेयरमैन, टाटा संस



सेंसेक्स	72,382.47 ▲ 472.77	निफ्टी	22,555.75 ▲ 133.80	सोना	₹ 1,49,800 प्रति दस ग्राम बदलाव नहीं	चांदी	₹ 2,27,000 प्रति किलो ग्राम बदलाव नहीं	डालर	₹ 96.35 ▲ ₹ 0.10	क्रूड	$ 102.40 प्रति बैरल

अमेरिका से व्यापार समझौता अटका, आगे बढ़ना मुश्किल

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, दोनों पक्ष ऐसी स्थिति में पहुंचे जहां एक-दूसरे को अतिरिक्त छूट देना संभव नहीं

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से चल रही बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते पर बातचीत फिलहाल अटक गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को स्पष्ट शब्दों में कहा कि दोनों पक्ष एक ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं जहां दोनों पक्ष एक-दूसरे को अतिरिक्त रियायत देना संभव नहीं मान रहे हैं।



निर्मला सीतारमण

दिल्ली में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कांफ्रेंस में एक सत्र को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा कि यह समझौता बेहद कठिन और जोरदार मोलभाव के बाद यहां तक पहुंचा है। इससे आगे कुछ देना या लेना दोनों देशों के लिए बहुत-बहुत मुश्किल होगा। अगर कहीं संचालने की गुंजाइश बची ही तो दोनों पक्ष कोशिश कर सकते हैं। वैसे बातें अभी भी जारी हैं।

वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में है और घाटा वाशिंगटन का है। अमेरिका इस असंतुलन को कम करना चाहता है। सीतारमण का यह बयान अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर के उस हालिया वक्तव्य के अनुरूप है, जिसमें उन्होंने पिछले सप्ताह भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात के बाद कहा था कि समझौता फिलहाल होता नहीं दिख रहा। गोयल और ग्रीर की बैठक में मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई थी, लेकिन कोई ठोस प्रगति नहीं दिखी। यह स्थिति तब सामने आई है जब कुछ दिन पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अमेरिका दौरे पर गए थे। जयशंकर की अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत में व्यापार समझौता प्रमुख मुद्दा था। गोयल-ग्रीर बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भी बात की थी। जानकारों का मानना है कि शीर्ष स्तर पर भारत ने अपना रुख साफ कर दिया है कि वह समझौते में कहां तक जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार सबसे बड़ा गतिरोध कृषि क्षेत्र को लेकर है। भारत अमेरिकी मांग के अनुरूप अपने कृषि बाजार को खोलने के लिए तैयार नहीं है। डेरी, कुछ कृषि उत्पादों और बाजार पहुंच से जुड़े मुद्दों पर दोनों पक्ष अपने हितों से पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहे।

जयशंकर का बयान व्यापार वार्ता में ठहराव का संकेत

हाल ही में विदेश मंत्री जयशंकर ने पाकिस्तान को केंद्र में रखकर जिस तरह अमेरिका को सुनाया है, उससे भी यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि ट्रेड डील को लेकर दोनों देशों के बीच सबकुछ ठीक नहीं है। अमेरिका में एशिया सोसाइटी के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि यदि कोई देश आतंकवाद के मुद्दे पर भारत की संवेदनाओं का ध्यान नहीं रखता, तो इसका असर द्विपक्षीय संबंधों पर पड़ेगा। विश्लेषक इसे व्यापार वार्ता में आए ठहराव का संकेत मान रहे हैं। आगे की संभावनाएं इस महीने मार्को रुबियो की प्रस्तावित भारत यात्रा और उसके बाद जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर की अमेरिका यात्रा पर टिकी हुई हैं। यदि विदेश मंत्री स्तर पर कोई सहमति बनती है, तभी व्यापार वार्ता फिर से गति पकड़ सकती है।

फिलहाल पहले जैसे ही चलते रहेंगे कारोबारी संबंध

संकेत इस बात के हैं कि भारत व अमेरिका के कारोबारी संबंध अभी जैसे चल रहे हैं, वैसे ही चलते रहेंगे। भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में अभी अलग-अलग टैक्स लगता है। तकरीबन 45 प्रतिशत भारतीय उत्पादों पर पांच प्रतिशत से कम टैक्स लगता है। जुलाई 2026 में भारत से आने वाले सामान पर औसत प्रभावी टैरिफ दर लगभग 8.2 प्रतिशत थी, जो 2025 में औसत दर करीब 9.5 प्रतिशत से कम थी। जुलाई, 2026 में अमेरिका ने कुछ उत्पाद पर जबरन श्रम का इस्तेमाल करने वाली पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त टैक्स लगाया, लेकिन इसके दायरे में 60 प्रतिशत से ज्यादा भारतीय आयातित उत्पाद नहीं आते। स्टील और एल्युमिनियम पर अक्सर 50 प्रतिशत, आटो पार्ट्स पर लगभग 25 प्रतिशत टैक्स लगता है।

एक ही फार्म से कई राज्यों में हो सकेगा जीएसटी पंजीकरण

नई दिल्ली, प्रेट्र: आने वाले समय में कंपनियों को अलग-अलग राज्यों में जीएसटी पंजीकरण के अलग-अलग आवेदन नहीं करना होगा। जीएसटी काउंसिल आठ अक्टूबर की बैठक में ऐसे कारोबारियों के लिए एक नई डिजाइन वाले और आसान जीएसटी पंजीकरण फार्म पर विचार-विमर्श कर सकती है।

नया पंजीकरण फार्म भरना आसान होगा और सभी चरण पर गाइडेंस भी मिलेगा। इसके अलावा फार्म में उन दस्तावेजों की भी सूची होगी, जिन्हें अपलोड करना होगा। सूत्रों का कहना है कि एक बार नया डिजाइन किया गया रजिस्ट्रेशन सिस्टम शुरू हो जाने के बाद कंपनियों द्वारा दिया गया विवरण दूसरे राज्यों में रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करते समय भी इस्तेमाल की जाएंगी। अगर कंपनी कई राज्यों में रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करती है तो आवेदन फार्म एक साथ भरा जा सकता है।

सूत्रों का कहना है कि जीएसटी प्रणाली यह तय करेगी कि फार्म भरते समय दी गई लोकेशन के आधार पर किस आफिस का अधिकार क्षेत्र है। जीएसटी काउंसिल ने अपनी सितंबर 2025 की बैठक में छोटे और कम जोखिम वाले बिजनेस के लिए एक आसान जीएसटी पंजीकरण स्कीम को मंजूरी दी थी और इसे 1 नवंबर, 2025 से शुरू किया गया था। इस स्कीम के तहत, ऐसे बिजनेस को तीन दिनों के अंदर रजिस्ट्रेशन दिया जाता है।

विदेश स्थित शाखाओं से प्रत दावों को निर्यात का दर्जा देने पर विचार : जीएसटी परिषद की आठ अक्टूबर को होने वाली बैठक में भारतीय कंपनियों की विदेश स्थित शाखाओं के जरिये दी जाने वाली सेवाओं को भी निर्यात का दर्जा देने के प्रस्ताव पर चर्चा होने की संभावना है। इस प्रस्ताव का मकसद निर्यात की परिभाषा को विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाली कारोबारी गतिविधियों के अनुरूप करना और विदेश स्थित शाखाओं के जरिये दी जाने वाली सेवाओं के निर्यात दर्जे को लेकर असमंजस स्थिति को दूर करना है।



अब आठ अक्टूबर को होगी जीएसटी काउंसिल की बैठक

नई दिल्ली, प्रेट्र : 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक दूसरी बार पुनर्निर्धारित की गई और अब मीटिंग आठ अक्टूबर को होगी। पहले यह बैठक सात अक्टूबर को होनी थी। यह दूसरी बार है जब 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक की तारीख में बदलाव किया गया है। मूलरूप से बैठक 12 सितंबर को होनी थी, लेकिन विश्व शिखर सम्मेलन के चलते सात अक्टूबर को पुनर्निर्धारित कर दिया गया था।

कर अधिकारियों की समितियों का पुनर्गठन कर सकती है जीएसटी परिषद

जीएसटी लागू होने के नौ साल बाद जीएसटी परिषद अपने कर अधिकारियों की समितियों के पुनर्गठन पर विचार कर सकती है। इसका मकसद आपत्तिक कर व्यवस्था के परिपक्व होने के साथ ही इन्हें अधिक सरल और प्रभावी बनाना है। परिषद के कामकाज में सहयोग देने वाली समितियों के ढांचे को तीन समीकित निकायों-सचिवालय, कार्यान्वयन समिति और अधिकारियों की एक स्थायी समिति में पुनर्गठित करने का प्रस्ताव है। फिलहाल कर अधिकारियों की व्यवस्था में सचिवालय, कार्यान्वयन समिति, फिटमेंट और कानून समिति सहित आठ स्थायी समितियां और 18 क्षेत्रीय समूह शामिल हैं।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या क्लिक करें jagran.com

21 को खुलेगा जियो प्लेटफार्म्स का आइपीओ

नई दिल्ली, प्रेट्र: सूत्रों के मुताबिक जियो प्लेटफार्म का आइपीओ 21 अक्टूबर को खुलेगा और 23 अक्टूबर को बंद होगा। कंपनी के शेयर 28 अक्टूबर को सूचीबद्ध होंगे। एंकर निवेशक 19 अक्टूबर को बोली लगा सकेंगे।

3.8 अरब डालर के अनुमानित आकार के साथ इस आइपीओ को सबसे बड़े सार्वजनिक निर्गम के तौर पर देखा जा रहा है। कंपनी 12 अक्टूबर से शुरू होने वाले सप्ताह में आइपीओ के लिए सेबी के पास अंतिम कागजात दाखिल करेगी। जियो का आइपीओ 2008 के बाद रिलायंस समूह की पहली सार्वजनिक पेशकश होगी और समूह के भीतर उपभोक्ता केंद्रित व्यवसाय का पहला आइपीओ होगा। जियो की दूरसंचार शाखा रिलायंस जियो इन्फोकाम फिक्स्ड-लाइन कनेक्शन में 32.89 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ 15.79 करोड़ ग्राहकों की सेवा देती है और 50.60 करोड़ ग्राहकों के साथ मोबाइल कनेक्शन में 39.29 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारतीय दूरसंचार बाजार पर हावी है।

सितंबर में ओमान बना सबसे बड़ा एलएनजी आपूर्तिकर्ता

नई दिल्ली, आइएएनएस: अमेरिका को पीछे छोड़ सितंबर में ओमान भारत का सबसे बड़ा एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) आपूर्तिकर्ता बन गया। केप्लर के आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने सितंबर में ओमान से 5,85,000 टन एलएनजी आयात किया, जो अगस्त के मुकाबले 11.6 प्रतिशत ज्यादा है। इस तरह सितंबर में एलएनजी आयात में खाड़ी देशों की हिस्सेदारी 27 प्रतिशत हो गई। सितंबर में भारत का कुल एलएनजी आयात महीने-दर-महीने 14 प्रतिशत घटकर 21 लाख से टन से ज्यादा रहा। अगस्त में यह आंकड़ा 25 लाख टन था।

- भारत ने पिछले महीने ओमान से 5,85,000 टन एलएनजी का आयात किया
- सितंबर में एलएनजी आयात में खाड़ी देशों की हिस्सेदारी 27 प्रतिशत रही

नाइजीरिया 3,51,000 टन के साथ दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन गया, हालांकि यह पिछले महीने से 35 प्रतिशत कम रहा। अगस्त में अमेरिका से आयात 8,48,000 टन के साथ आपूर्तिकर्ताओं की सूची में शीर्ष पर था, लेकिन सितंबर में भारत को किए गए निर्यात में 59 प्रतिशत की गिरावट के साथ तीसरे नंबर पर आ गया। सितंबर के कुल आयात में उसकी हिस्सेदारी 16 प्रतिशत रही। एलएनजी आपूर्तिकर्ताओं में कतर 94,000 टन स्लाई के साथ छठे नंबर प रहा है। कतर कभी भारत का सबसे बड़ा एलएनजी आपूर्तिकर्ता था और उसकी बाजार हिस्सेदारी लगभग 45 प्रतिशत थी। सितंबर में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भारत को 3,11,000 टन एलएनजी आपूर्ति की जबकि अंगोला ने 2,05,000 टन निर्यात किया।

बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने में कोयला आधारित ताप संयंत्र बने सहारा

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में देश की बिजली मांग तेज रही और उसकी पूर्ति मुख्य रूप से कोयला आधारित ताप संयंत्रों से हुई। सौर और पवन उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है, लेकिन बिजली की रिकार्ड मांग के दौर में ताप बिजली संयंत्रों की अहमियत बढ़ती जा रही है। कमजोर मानसून और ऊंचे तापमान ने कूलिंग और सिंचाई की मांग बढ़ा दी, जिससे ग्रिड पर दबाव बना हुआ है। लगातार दो महीने अगस्त व सितंबर में बिजली की मांग में रिकार्ड वृद्धि हुई है।

- कमजोर मानसून और ऊंचे तापमान ने कूलिंग और सिंचाई की मांग बढ़ाई
- अप्रैल से अगस्त के बीच बिजली मांग पिछले साल की तुलना में 9.5 प्रतिशत बढ़ी

ताप संयंत्रों का उत्पादन बढ़कर 640.05 अरब यूनिट हुआ

कोल इंडिया के अनुसार, अप्रैल-सितंबर में घरेलू कोयले पर आधारित बिजली उत्पादन 582.5 अरब यूनिट से बढ़कर 640.05 अरब यूनिट हो गया। यह करीब 10 प्रतिशत की वृद्धि है। अगस्त में कुल बिजली उत्पादन में ताप बिजली संयंत्रों की हिस्सेदारी करीब 63 प्रतिशत रही है। इसी अवधि में कोल इंडिया की आपूर्ति 38.42 करोड़ टन रही, जो पिछले साल से 7.6 प्रतिशत अधिक है। बिजली क्षेत्र को 30.28 करोड़ टन कोयला भेजा गया। यह कुल उठान का करीब 79 प्रतिशत है। सितंबर में बिजली संयंत्रों को 10.6 प्रतिशत ज्यादा कोयला दिया गया है। एक तरह से रोजाना 17 लाख टन कोयला की आपूर्ति की जा रही है।

अप्रैल से अगस्त तक बिजली मांग पिछले साल की समान अवधि की तुलना में करीब 9.5 प्रतिशत बढ़ी है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में वृद्धि महज 0.3 प्रतिशत रही थी। अगस्त में मांग 12.8 प्रतिशत बढ़कर करीब 169 अरब यूनिट पहुंच गई, जो किसी भी अगस्त का अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। उच्चतम मांग 258 गीगावाट रही। सितंबर में भी राहत नहीं मिली। महीने की शुरुआत में खपत 20 प्रतिशत तक बढ़ी और 10 सितंबर को उच्चतम मांग 269 गीगावाट को छू गई, जो सितंबर का रिकार्ड है। पूरे महीने मांग में अनुमानित वृद्धि करीब 11 प्रतिशत रही। केंद्रीय बिजली आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक शाम के घंटों में कई दिन दी गीगावाट से अधिक की कमी रही और अधिकतम दैनिक कमी 7.7 गीगावाट तक पहुंची है।

राष्ट्रीय फलक

वैश्विक बाजार में चीनी की कीमतों में तेजी के संकेत

अरविंद शर्मा ● जागरण

- भारत के बाद ब्राजील में भी गन्ने की खेती पर मौसम की पड़ी मार,
- दोनों देश विश्व का 40% चीनी का करते हैं उत्पादन, इनसे बाजार होता है प्रभावित



प्रतीकात्मक

नई दिल्ली: भारत और ब्राजील चीनी के दो बड़े उत्पादक देश हैं, जो विश्व का करीब 40 प्रतिशत चीनी उत्पादन करते हैं। दोनों देशों में इस बार गन्ने की खेती पर मौसम की मार पड़ी है, जिसका असर उत्पादन पर पड़ने लगा है और वैश्विक बाजार में चीनी की कीमतों में तेजी के संकेत हैं। आने वाले दिनों में इसका दबाव भारतीय उपभोक्ताओं पर भी बढ़ सकता है।

पिछले वर्ष ब्राजील ने 4.38 करोड़ टन और भारत ने करीब तीन करोड़ टन चीनी का उत्पादन किया था। ऐसे में दोनों देशों के उत्पादन में होने वाला उतार-चढ़ाव वैश्विक चीनी बाजार को सीधे प्रभावित करता है। ब्राजील में इस बार बारिश ने गन्ने की कटाई और पेराई को प्रभावित किया है। 15 सितंबर तक वहां चीनी उत्पादन 14.4 प्रतिशत घटकर 2.607 करोड़ टन रह गया है। भारत में भी कमजोर मानसून ने गन्ने की उपज के साथ चीनी की रिकवरी दर को भी प्रभावित किया है। महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 20 प्रतिशत घटकर करीब 80 लाख टन रहने का अनुमान है, जबकि पिछले सत्र में 99 लाख टन था। गन्ने की उपज में 30-40 प्रतिशत तक गिरावट का अनुमान है। अंतरराष्ट्रीय चीनी संगठन ने भी चेताया है कि ब्राजील और भारत में उत्पादन घटने पर वैश्विक बाजार में चीनी का संकट बढ़ सकता है। नेशनल फेडरेशन आफ कोआपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक प्रकाश नाइकनवरे के अनुसार, अलनीनो का प्रभाव भारत की तरह ब्राजील में भी है। ऐसे में चीनी संकट से इन्कार नहीं किया जा सकता। उनका कहना है कि महाराष्ट्र और कर्नाटक में गन्ने की बुवाई के लिए अभी भी मौसम अनुकूल नहीं है। इसका असर 2027-28 में भी पड़ सकता है।

वैश्विक संकट का असर घरेलू बाजार पर क्यों : सवाल है कि जब भारत में तीन करोड़ टन से अधिक चीनी बनती है और घरेलू खपत 280-290 लाख टन है तो वैश्विक संकट का असर घरेलू बाजार पर क्यों पड़ेगा। दरअसल गन्ने की फसल, चीनी का स्टाक, निर्यात से मिलने वाले भाव और भविष्य में आपूर्ति घटने की आशंका के चलते चीनी की कीमतों में उछाल आती है। सरकार का अनुमान करीब तीन करोड़ टन चीनी उत्पादन का है। पहले यह 3.43 करोड़ टन था। यानी करीब 43 लाख टन कम। ऐसे में नई पेराई शुरू होने से पहले का स्टाक मायने रखता है।

नए सत्र में चीनी उत्पादन पर रहेगी नजर

चीनी में तेजी का बड़ा कारण वैश्विक बाजार में तेजी भी है। भविष्य में कमी की आहट मिलने पर मिल द्वारा स्टाक रोक लिया जाता है। भारत में चीनी का भाव 20 जुलाई के 48 रुपये से बढ़कर 20 अगस्त को 55.70 रुपये प्रति किलो हो गया था। नए सत्र में चीनी उत्पादन और ब्राजील की स्थिति वैश्विक बाजार की दिशा तय कर सकती है।

टाटा केमिकल्स के खिलाफ कठोर कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

नई दिल्ली, प्रेट्र : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आदेश दिया कि कच्छ की खाड़ी में एक समुद्री अभयारण्य को कथित तौर पर पर्यावरण का नुकसान पहुंचाने के मामले में टाटा केमिकल्स के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई न की जाए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जायमाल्य बागची और वी. मोहना की बेंच ने गुजरात हाई कोर्ट के 25 मई के फैसले को चुनौती देने वाली कंपनी की याचिका पर नोटिस जारी किया।

बेंच ने दो नवंबर तक गुजरात सरकार से जवाब मांगा और कहा, 'इस बीच, याचिकाकर्ताओं के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जाएगी।' टाटा केमिकल्स की ओर से कोर्ट में पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि इस मामले में पर्यावरण को नुकसान और जमीन पर कब्जे से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। 25 मई को हाई कोर्ट ने कंपनी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें जिला कलेक्टर के 2006 के आदेश को चुनौती दी गई थी।

डिलीवरी के दौरान 1.20 लाख रुपये का मोबाइल फोन बदला, डिब्बे में मिला डमी

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली

- खिरगी इंस्टामार्ट के मायापुरी फेज-2 स्थित स्टोर से ग्राहक को भेजा गया था सैमसंग गैलेक्सी एस26 प्लस फोन
- कंपनी ने डिलीवरी पार्टनर पर मोबाइल बदलने का शक जताते हुए मायापुरी थाने में दर्ज करवाई शिकायत

दिल्ली के मायापुरी में डिलीवरी के दौरान 1.20 लाख रुपये कीमत का मोबाइल फोन बदलने का मामला सामने आया है। खिरगी इंस्टामार्ट के मायापुरी फेज-2 स्थित स्टोर से ग्राहक को भेजे गए सैमसंग गैलेक्सी एस26 प्लस के डिब्बे में असली मोबाइल की जगह डमी फोन मिला। कंपनी ने डिलीवरी पार्टनर प्रदीप सिंह पर मोबाइल बदलने का शक जताते हुए मायापुरी थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, प्रदीप सिंह की स्टोर से फोन लेकर ग्राहक तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई थी। ग्राहक को डिलीवरी मिलने पर डिब्बे में असली फोन के बजाय डमी फोन मिला। इसके बाद आर्डर वापस कर दिया गया। मोबाइल स्टोर पहुंचने पर कर्मचारियों ने पैकेट और बाक्स की जांच की। इस दौरान बाक्स की सील से छेड़छाड़ के निशान मिले। बाक्स खोलने पर उसमें सैमसंग गैलेक्सी एस26 प्लस की जगह डमी मोबाइल मिला। कंपनी ने पुलिस को बाक्स खोलते समय बनाई गई वीडियो फुटेज, डिलीवरी पार्टनर के केवाईसी दस्तावेज और मोबाइल का आइएमईआइ नंबर उपलब्ध कराया है। पुलिस इन साक्ष्यों के आधार पर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मोबाइल डिलीवरी के दौरान कब और कहां बदला गया। जांच में डिलीवरी से जुड़े रिकार्ड, सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की भी जांच की जा रही है। कंपनी ने आशंका जताई है कि डिलीवरी पार्टनर इससे पहले भी इस तरह की घटना कर चुका हो सकता है। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है।

दूरी के हिसाब से इस तरह वसूला जाएगा अतिरिक्त फ्यूल चार्ज

प्रथम पृष्ठ से आगे

यात्रा की दूरी	पहले फ्यूल चार्ज	अब फ्यूल चार्ज	कुल वृद्धि
500 तक	275	375	100
01 से 1,000	400	600	200
1,001 से 1,500	600	900	300
1,501 से 2,000	800	1,150	350
2000 किमी से अधिक	950	1300	350

प्रमुख शहरों की उड़ानों पर अब इतना लगेगा फ्यूल चार्ज

प्रमुख ट्वाई मार्ग	अनुमानित दूरी	नया फ्यूल चार्ज
दिल्ली-जयपुर	235	375
दिल्ली-लखनऊ	420	375
मुंबई-अहमदाबाद	440	375
दिल्ली-हैदराबाद	1,260	900
दिल्ली-मुंबई	1,140	900
दिल्ली-कोलकाता	1,305	900
दिल्ली- बेंगलुरु	800	1150

नोट : दूरी किमी में और फ्यूल चार्ज रुपये में दिए गए हैं।

आइआरसीटीसी से जुड़े मामले में सुजाता होटल पर आरोप तय करने के निर्णय पर रोक

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली

- कंपनी की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर मांगा जवाब
- ट्रायल कोर्ट ने इस मामले में लालू, राबड़ी और तेजस्वी पर भी तय किए थे आरोप

दिल्ली हाई कोर्ट ने आइआरसीटीसी से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में सुजाता होटल पर आरोप तय करने के ट्रायल कोर्ट के निर्णय पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने कंपनी की याचिका पर राहत देते हुए स्पष्ट किया कि यह आदेश केवल कंपनी तक सीमित रहेगा। अदालत ने ईडी को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई अब 30 अक्टूबर को होगी।

सुजाता होटल ने तर्क दिया कि ट्रायल कोर्ट के आदेश में कंपनी द्वारा किया गया ऐसा कोई स्वतंत्र कार्य नहीं बताया गया है, जो पीएमएलए की धारा-तीन के तहत अपराध माना जा सके। कंपनी का कहना है कि जिस जमीन के आधार पर अक्टूबर को टाल दी थी। ईडी के अधिवक्ता को मामले में जांच एजेंसी से निर्देश लेने का आदेश देते हुए कोर्ट ने मामले को 30 अक्टूबर के लिए तय किया है।

ट्रायल कोर्ट ने अक्टूबर-2025 में ही सीबीआइ के मामले में लालू और 11 अन्य लोगों के खिलाफ आरोप तय किए थे। ईडी ने आरोप लगाया कि 2005 से 2014 के बीच तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद के कार्यकाल में रांची और पुरी में आइआरसीटीसी होटलों के संचालन के लिए निकाले गए टेंडर में हेरफेर करके सुजाता होटल्स को फायदा पहुंचाया गया था। इसके बदले में सुजाता होटल्स के डायरेक्टर विनय और विजय कोचर ने पटना में अपनी जमीन डिलाइट मार्केटिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को बहुत कम कीमत पर स्थानांतरित कर दी थी।

मनी लांड्रिंग का आरोप है, वह न तो उसकी थी और न ही उसने बेचा था। कंपनी ने यह भी कहा कि ट्रायल कोर्ट ने जमीन के लेन-देन को गलत तरीके से कंपनी से जोड़ा, जबकि कोर्ट ने खुद माना था कि संबंधित जमीन डिलाइट मार्केटिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (डीएमसीपीएल) ने खरीदी थी।

इस मामले में ट्रायल कोर्ट ने अनौपचारिक रूप से पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, उनके बेटे तेजस्वी यादव, सुजाता होटल सहित अन्य के खिलाफ आरोप तय किए थे। हालांकि, औपचारिक रूप से आरोप तय करने की प्रक्रिया ट्रायल कोर्ट ने तीन

काम पर आने-जाने में कर्मचारी हर महीने खर्च करते हैं औसतन 785 रुपये : सर्वेक्षण

- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी किए पहली बार किए घरेलू यात्रा सर्वेक्षण के आंकड़े

57.6 प्रतिशत कर्मचारी काम पर जाने के लिए तय करते हैं एक किलोमीटर से अधिक दूरी

नई दिल्ली, प्रेट्र : कर्मचारी निर्धारित कार्यस्थल पर आने-जाने के लिए हर महीने औसतन 785 रुपये खर्च करते हैं। शहरी क्षेत्रों में यह खर्च 1,044 रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों में 612 रुपये है। सरकार के एक सर्वेक्षण में यह जानकारी सामने आई है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने सोमवार को पहली बार किए गए राष्ट्रीय यात्रा सर्वेक्षण (एनएचटीएस) के प्रमुख आंकड़े और निष्कर्ष जारी किए। यह सर्वेक्षण जुलाई, 2025 से जून, 2026 के बीच किया गया था। सर्वेक्षण में एक यात्रा की परिभाषा एक किलोमीटर से अधिक दूरी के रूप में की गई है।

सर्वेक्षण के अनुसार, कार्यस्थल पर आने-जाने के लिए पुरुष कर्मचारी हर महीने औसतन 835 रुपये खर्च करते हैं, जबकि महिला कर्मियों का औसत खर्च 533 रुपये है। शहरी विद्यार्थी शिक्षण संस्थानों तक आने-जाने के लिए हर महीने औसतन 617 रुपये जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह खर्च 361 रुपये है।

लगभग 57.6% कर्मचारी काम पर जाने के लिए एक किलोमीटर से अधिक दूरी तय करते हैं। 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के आधे से अधिक कर्मचारी एक दिन के भीतर निर्धारित या गैर-निर्धारित कार्यस्थल तक आने-जाने की यात्रा करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 54.5% और शहरी क्षेत्रों में 64.1% है। राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में औसत यात्रा समय करीब 20 से 23 मिनट है, जबकि दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में यात्रा का समय अधिक है। देशभर में करीब 61.9% पुरुष कर्मचारी रोजाना काम के लिए एक किमी से अधिक की दूरी तय करते हैं, जबकि महिला कर्मियों के मामले में यह अनुपात 41.9% है।

मस्तिष्क और नोबेल

स्मृतियों, भावनाओं और व्यवहारों का निर्माण मस्तिष्क में किस तरह होता है, इसे पूरी तरह समझना इंसानों का पुराना सपना है। इस सपने को साकार करने की ओर कदम बढ़ाते तीन वैज्ञानिकों - कार्ल डीसेरोथ, पीटर हेगेमैन और जॉर्ज नागल को चिकित्सा क्षेत्र में योगदान के लिए नोबेल सम्मान देने की घोषणा हुई है। इस विशिष्ट विज्ञान को ऑप्टोजेनेटिक्स कहा जाता है और इससे जुड़े अध्ययन में अनेक वैज्ञानिक लगे हुए हैं, लेकिन इन तीन वैज्ञानिकों की सफलता को स्वाभाविक ही रेखांकित करना जरूरी था। साल 2026 के लिए शरीर क्रिया विज्ञान या चिकित्सा का यह नोबेल वास्तव में तंत्रिका विज्ञान और इंसानी दिमाग को समझने की दिशा में बहुत अहम कदम है। संक्षेप में समझें, तो तीन वैज्ञानिकों ने मिलकर प्रकाश के उपयोग से विशिष्ट कोशिकाओं की गतिविधियों को नियंत्रित करने की क्षमता विकसित की है। ऑप्टोजेनेटिक्स जीवित मस्तिष्क में व्यक्तिगत तंत्रिका कोशिकाओं की गतिविधि को चालू या बंद करने को संभव बनाता है। इस विधि का उपयोग अब दुनिया भर की प्रयोगशालाओं में मस्तिष्क के अब तक अबूझ रहस्यों को उजागर करने के लिए किया जा रहा है।

इस नोबेल से मानव मस्तिष्क को लेकर चल रहे आवश्यक शोध-अध्ययन को बहुत बल मिलेगा। यह समझने की बात है कि शरीर के बाकी अंगों पर चिकित्सा विज्ञान का लगभग नियंत्रण हो चुका है, किंतु दिमाग को समझना अभी भी मुश्किल है। यही कारण है, दिमाग से जुड़ी बीमारियों का इलाज आसान नहीं है। किसी तरह की लत, अंधता, अवसाद, स्मृति संबंधी विकारों को दूर करना दिनों-दिन जरूरी होता जा रहा है। दुनिया में डिमेंशिया की अगर बात करें, तो करीब 5.5 करोड़ दर्ज रोगी हैं। प्रति तीन सेकंड एक डिमेंशिया रोगी सामने आ रहा है। यह तो दिमाग संबंधी केवल एक रोग के आंकड़े हैं। समग्रता में देखें, तो यह एहसास आसानी से हो जाता है कि दिमाग को पूरी तरह से समझना कितना जरूरी है। स्वीडन के कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट मेडिकल यूनिवर्सिटी की नोबेल सभा द्वारा 54 वर्षीय अमेरिकी डीसेरोथ, 71 वर्षीय जर्मन हेगेमैन और 73 वर्षीय जर्मन नागल का चयन किया गया है। इन वैज्ञानिकों ने चैनलरोडोप्सिन नामक एक प्रोटीन की खोज की है, जिसमें अद्वितीय गुण हैं। उन्होंने पाया कि प्रोटीन को किसी भी प्रकार की कोशिका में डाला जाए, कोशिकाएं प्रकाश के प्रति संवेदनशील हो जाती हैं। इसके बाद, डीसेरोथ ने चैनलरोडोप्सिन जीन या प्रोटीन का प्रयोग चूहों की तंत्रिका कोशिकाओं पर किया और उन्हें बड़ी कामयाबी मिली। यह उपलब्धि कम से कम दो दशक की कड़ी मेहनत से हासिल हुई है। यह भी बताते चलें कि इस विशेष प्रोटीन की खोज एक कोशिकीय शैवाल से की गई है।

साल 2026 के लिए शरीर क्रिया विज्ञान या चिकित्सा का यह नोबेल वास्तव में तंत्रिका विज्ञान और इंसानी दिमाग को समझने की दिशा में बहुत अहम कदम है।

यह किसी खुशखबरी से कम नहीं कि नोबेल मिलने से पहले ही इस वैज्ञानिक खोज का व्यावहारिक अध्ययन शुरू हो चुका है। उम्मीद करनी चाहिए कि चिकित्सकीय उपयोग जल्दी शुरू हो जाएगा। यह विज्ञान या ऑप्टोजेनेटिक्स कोई हवा-हवाई बात नहीं है। शोधकर्ता दृष्टिबाधितों की दृष्टि बहाल करने के प्रयासों में ऑप्टोजेनेटिक्स का उपयोग कर रहे हैं। नोबेल से सम्मानित हुए वैज्ञानिक-प्रोफेसरों को अपने इस शोध में दिलो-जान से जुटे रहना चाहिए। आज जब कई देश युद्ध या छद्मयुद्ध में खर्च हो रहे हैं, तब यह बहुत सुखद है कि विभिन्न देशों के वैज्ञानिक मिलकर उपयोगी आविष्कार कर रहे हैं। वाकई, वैज्ञानिक तरक्की का कोई विकल्प नहीं है।

भोजन में लोकतांत्रिक हो रहा समाज

राय की राय

यह वीडियो देखने के लिए क्लिक करें

विभूति नारायण राय | पूर्व कुलपति व साहित्यकार

पुरानी पीढ़ी के कई लोग सख्ती से मांसाहार को थाली से बाहर रखे हुए हैं, लेकिन ज्यादातर ने मान लिया है कि वे नई पीढ़ी पर भोजन की आदतों के संबंध में दबाव नहीं डाल सकते।



समाज में मूल्यों के स्तर पर परिवर्तन इतनी धीमी गति से होते हैं कि कई बार उनको पकड़ पाना बहुत मुश्किल होता है। धर्म, राज्य, सुशासन और विवाह ऐसी ही कुछ संस्थाएं हैं, जो मनुष्य की संज्ञानात्मक क्षमताओं में वृद्धि के साथ इस करवट बदली हैं कि कुछ शताब्दी पहले के हमारे पूर्वज आज इस धरा पर वापस आएं, तो पहचान भी नहीं पाएंगे। मुंखला परिवर्तन या 'डॉमिनो इफेक्ट' में तब्दील होकर ये बदलाव इतनी तेज भी हो सकते हैं कि हमारे कदमों के नीचे की जमीन कांपती सी महसूस हो।

पिछले कुछ दिनों से मेरी नजर ऐसे ही एक परिवर्तन पर टिकी हुई है, जो हमारी खान-पान की आदतों से जुड़ा है। बिना इस खाखखयाली के कि मैं समाजशास्त्र का कोई गंभीर अध्येता हूं, अपने समय और समाज के एक सामान्य, किंतु सजग अवलोकनकर्ता की हैसियत से कुछ घट रहे की तरफ आपका और समाजशास्त्रियों का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मैं जिस तरफ इशारा कर रहा हूं, वह भारतीय समाज की खान-पान की आदतों से जुड़ा है।

दो-तीन सौ साल पहले मुझे पूर्वी उत्तर प्रदेश के अपने गांव में बरसों बाद होली के मौके पर रुकने का मौका मिला। मैं यह जानकर चकरा गया कि बगल के बाजार में आधी रात के बाद से ही बकरे कटने शुरू हो गए और यह सिलसिला भोर तक चलता रहा। मेरी पारंपरिक समझ यह थी कि वर्ण-व्यवस्था की जकड़बंदियों वाले इस गांव की ज्यादातर जातियां शाकाहारी थीं। खास तौर से भूमिहार और यादव। सीढ़ी के निचले पायदानों पर खड़ी जातियों में भी कंठी लेने जैसी परंपराएं थीं, जिनके अंतर्गत लोग मांसाहार छोड़कर शाकाहारी हो जाते थे। दरअसल, भोजन की आदतें एक खास तरह की शुचिता और नैतिकता बोध का एहसास कराती थीं। ऐसे में, बड़ी संख्या में परिवारों की अपनी भोजन संबंधी आदतों में बदलाव मेरे लिए एक महत्वपूर्ण सूचना थी।

मैंने ग्रामीणों से बात करनी शुरू की, तो समझ में आया कि कुछ ही दशकों में थाली में अन्न की उपलब्धता और उसकी विविधता में जबरदस्त परिवर्तन हुए हैं। बचपन का सुना एक मुहावरा कि 'फलां घर में दोनों वक्त चूल्हा जलता है', अब नहीं सुनाई देता, कारण अब ऐसा परिवार बड़ी कोशिश करके भी नहीं मिलेगा, जिसे दोनों वक्त अन्न न नसीब होता हो। यह अलग विषय है कि भोजन में शाक-सब्जी, फल, अंडे या दूध-दही अभी भी बड़ी संख्या में परिवारों के लिए विलासिता जैसी ही है। अभी भी दूध आम तौर पर बेटों को पिलाया जाता है, बेटियों को बचने पर ही मिलता है।

सबसे बड़ा परिवर्तन यह हुआ है कि अधिकांश परिवारों के मन से मांसाहार को लेकर वर्जनाएं खत्म हो गई हैं। अपवाद स्वरूप ही पुरानी पीढ़ी के कुछ लोग सख्ती से इसे अपनी व्यंजन-सूची से बाहर रख हुए हैं, पर ज्यादातर ने मान लिया है कि वे अपनी नई पीढ़ी पर भोजन की आदतों के संबंध में दबाव नहीं डाल सकते।

शाम होने पर बाजार गया। होली के बावजूद काफी दुकानें खुली हुई थीं। ताजा सब्जियों और मछलियां बिक रही थीं। दाम कमोबेश वही थे, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिखते हैं। याद आया, बचपन में जब हम गांव पहुंचते थे, तब अगर साप्ताहिक बाजार का दिन होता, तो हरी सब्जी खाने में होतीं, नहीं तो आलू-प्याज से काम चलता। इस परिवर्तन में सड़कों के विस्तार और ट्रांसपोर्ट क्रांति का योगदान तो है ही, बाजार द्वारा उन मूल्यों को नष्ट करने की भी अहम भूमिका है, जिनके तहत बहुत सी शाकाहारी और सब्जी या दूध बेचना अपमानजनक समझते थे।

बातचीत के दौरान पता चला कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से सब्जियां ट्रकों में भरकर दिल्ली की मंडियों तक भेजी जा रही हैं। मुझे कुछ ही साल पहले की याद आई, जब अंडे, मुर्गे या बकरे में दक्की मछलियां हैदराबाद से स्थानीय बाजारों में आती थीं। पता चला कि अब स्थिति बदल गई है। परातों में पानी भरकर जो जिंदा मछलियां बेची जा रही हैं, वे स्थानीय उत्पादन हैं। गांवों में जिन जातियों के लोगों ने पोल्ट्री फॉर्म खोले हैं, उनके एक-दो पीढ़ी पहले के पूर्वज तो इस व्यवसाय की कल्पना भी नहीं कर सकते थे। रोटी और बेटी से जुड़े मूल्यों को आधार मानने वाली वर्ण-व्यवस्था पर बाजार ने जबरदस्त प्रहार किया है। इनके चलते साथ बैठकर खाने का निषेध लगभग खत्म कर दिया है। एक अर्थ में कह सकते हैं कि भोजन की आदतों में बदलाव लोकतंत्र को मजबूत कर रहा है।

अध्ययन के इसी क्रम में मुझे उस सच से साक्षात्कार हुआ, जिसे पढ़कर बहुत से पाठक चकरा जाएंगे। मुझे कोंखपार बाजार में सड़क से हटकर एक होटल पर मनोरंजक वर्तनी के साथ 'पोंग के मीट की दुकान' लिखी दिखाई दी। पता चला, एक उल्लेखनीय प्रतिशत ने, जिनमें हरेक जाति के लोग शामिल हैं, 'पोर्क' खाने के परहेज से मुक्ति पा ली है। हालांकि, अभी यह शुरुआती स्थिति है, जिसमें कुछ जातियों के लोग छिप-छिपाकर खरीद रहे हैं, घर के बाहर या अलग बर्तनों में पका रहे हैं। पोर्क के साथ आज वही स्थिति है, जो कुछ दशकों पूर्व दूसरे मांसाहार के साथ थी। मैंने गूगल पर जाकर तलाशा, तो जानकारी मिली कि अगल-बगल में तमाम 'पोर्क फार्म' खुल गए हैं, जिन्हें तथाकथित अगड़ी जातियों के लोग चला रहे थे। व्यावसायिक रूप से यह जबरदस्त मुनाफे का धंधा बन गया है।

भारत के विविध समाजों में खान-पान की आदतों को लेकर कई बार हमारी समझ वास्तविकता से कितनी दूर हो सकती है, इसका एक मनोरंजक उदाहरण हाल में देखने को मिला। एक धर्मगुरु ने नवरात्रि के दौरान पश्चिम बंगाल में मांस-मछली की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की बात की, तो बंगाली समाज उबल पड़ा। बिना 'माछ' वहां देवी के प्रसाद की कल्पना कैसे की जा सकती है? डैमेज कंट्रोल के लिए मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी को एक सार्वजनिक स्थान पर बैठकर मछली खाते हुए खुद को दिखाना पड़ा।

इसके बरक्स बिहार के एक युवा नेता को कथित रूप से नवरात्र में मछली खाते देख जाने पर तरह-तरह की सफाइयां देनी पड़ीं। लगता है, थाली की सामग्री में परिवर्तन से उनके राजनीतिक दलों को भी अपनी रणनीति बदलनी पड़ेगी, जो लोगों की भोजन की आदतों को ध्यान में रखकर राजनीति करते हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

चुनावी लोकतंत्र की तरक्की के लिए पीछे मुड़कर देखिए

यहां क्लिक करें

राजऋषि सिंघल | वरिष्ठ पत्रकार

चुनाव आयोग की आंतरिक कार्यप्रणाली को लेकर हुए खुलासे ने तीनों चुनाव आयुक्तों के बीच की गैर-बराबरी और अलोकतांत्रिक कामकाज को उजागर किया है। यह सब चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के 'विशेष गहन पुनरीक्षण', यानी एसआईआर से उपजी व्यापक निराशा के बीच सामने आया है। एसआईआर में करीब 13 करोड़ लोगों को अपना मताधिकार खोने का डर है। हालिया घटनाओं ने न केवल आयोग के इरादों को लेकर चिंता बढ़ाई है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थानों के भविष्य पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

ऐसे में, वयस्क मताधिकार, निर्वाचन आयोग, इसके तीन चुनाव आयुक्तों की साझा जिम्मेदारी पर सर्वोच्च न्यायालय के 1995 के फैसले के मद्देनजर संविधान सभा की बहस को फिर से देखना जरूरी हो गया है। राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के नेताओं का यह दृढ़ विश्वास था कि सच्ची स्वतंत्रता प्रत्येक नागरिक को वोट देने से ही हासिल होगी। संविधान सभा की बहसों से इसे वैधानिक अभिव्यक्ति मिली। यहां 29 अप्रैल, 1947 को हुई प्रारूप समिति की एक बैठक का उल्लेख उचित होगा। उस बैठक की अध्यक्षता खुद संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद कर रहे थे। इस बैठक में सरदार वल्लभभाई पटेल ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों से संबंधित सलाहकार समिति की अंतरिम रिपोर्ट रखी। उस रिपोर्ट के आधार पर शुरुआत में ही 21 वर्ष के प्रत्येक नागरिक को वोट देने का अधिकार अपरिवर्तनीय और अहस्तांतरणीय रूप से दे दिया गया।

संविधान सभा में भी कई सदस्य मतदाताओं की संख्या सीमित करना चाहते थे, पर वे विफल रहे, क्योंकि सभा ने काट-छांट को नहीं माना।

संविधान सभा का हर सदस्य इससे सहमत नहीं था। 16 जून, 1949 को बिहार से कानून स्नातक ब्रजेश्वर प्रसाद ने कहा, 'मैं वयस्क मताधिकार का विरोध करता हूं... क्योंकि यह लोकतंत्र के सिद्धांतों का घोर उल्लंघन है। वयस्क मताधिकार मानता है कि मतदाता प्रबुद्ध है। जहां मतदाता प्रबुद्ध नहीं है, वहां संसदीय लोकतंत्र नहीं हो सकता।' अगड़ी जातियों के कई अन्य सदस्य भी 'एक व्यक्ति-एक वोट' के सिद्धांत के खिलाफ थे। यह वर्ग चाहता था कि वोट देने की योग्यता के नियम 'भारत सरकार अधिनियम- 1935' जैसे ही रहें। औपनिवेशिक दौर के 1935 के अधिनियम में वोट देने का अधिकार मुख्यरूप से उन्हें ही हासिल था, जो टैक्स देते थे, जिन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की थी या जिनके पास संपत्ति थी। इससे देश के केवल 20-25 प्रतिशत लोग ही वोट देने योग्य थे। प्रसाद के शब्दों थे, 'मुझे डर है कि वयस्क मताधिकार के आधार पर चुनी गई सभा में ज्यादातर लोग अनपढ़ और अनुभवहीन होंगे।' उनकी इस बात को हृदयनाथ कुंजरू, के टी शाह और फ्रैंक एंथनी जैसे संविधान विशेषज्ञों का समर्थन प्राप्त था। यहां तक कि लाहौर के लॉ कॉलिज और कोलकाता के प्रेसीडेंसी कॉलिज से पढ़े-लिखे ठाकुर दास भार्गव ने भी कहा कि शुरुआती 10 वर्षों तक वोट देने का अधिकार केवल पढ़े-लिखे लोगों को ही दिया जाए।

हालांकि, ये तमाम कोशिशें असफल रहीं, क्योंकि नेतृत्व किसी काट-छांट को स्वीकार न करने पर अड़ा था।

आज एसआईआर को देखें, तो पता चलता है कि वही विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग मतदाताओं को रोकने का नए सिरे से बदले रूप में उपक्रम कर रहा है। हालांकि, यह निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि एसआईआर संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। संविधान-निर्माता स्पष्ट थे कि वयस्क मताधिकार को केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव आयोग के माध्यम से ही लागू किया जा सकता है।

शुरुआत में ऐसे प्रस्ताव थे कि उम्मीदवार को अयोग्य ठहराने का अधिकार राज्यपाल या संबंधित सदन के स्पीकर के पास हो। इसको भी फौरन नकार दिया गया। चुनाव प्रक्रिया में सबसे बड़ा बदलाव 1993 में आया, जब मुख्य चुनाव आयुक्त की बराबरी के दो और आयुक्त नियुक्त किए गए। हालिया खुलासों से पता चलता है, इस प्रक्रिया को कमजोर करने की कोशिशें हो सकती हैं।

सन् 1951-52 में हुए पहले आम चुनाव में 17.3 करोड़ मतदाता पंजीकृत हुए थे। 2024 के आम चुनावों तक पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 97 करोड़ तक पहुंच गई। विडंबना है, मौजूदा खामियों भरी प्रक्रिया 80 सालों में हासिल उपलब्धियों पर पानी फेर रही है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

सर्जनशील बनना सीखें

समाज के पतन के कारणों के बारे में हमें सचेत होना पड़ेगा और एक ऐसी नवीन संरचना करनी होगी, जो केवल अनुकरण पर नहीं, बल्कि हमारे सर्जनशील बोध पर आधारित हो। विखंडित हो रही चीज को समझने के लिए हमें उसका परीक्षण, अन्वेषण, निषेधात्मक रूप में शुरू करना होगा, किसी विधिपरक विचार-प्रणाली, सूत्र या निष्कर्ष को मानकर नहीं।

समाज निरंतर जीर्ण-शीर्ण हो रहा है, टूट रहा है। ऐसा क्यों हो रहा है? इसके मूलभूत कारणों में से एक कारण यह है कि व्यक्ति की, हमारी-आपकी सर्जनशीलता कुंठित हो चुकी है। मैं अपना आशय थोड़ा स्पष्ट कर दूं। दरअसल, आप और मैं, यानी हम केवल अनुकरण करने वाले बनकर रह गए हैं। बाहर से और भीतर से हम बस नकल ही कर रहे हैं। बाहर से जब हम कोई तकनीक सीखते हैं; जबशाब्दिक स्तर पर हमएक-दूसरे से कहते-सुनते हैं, तो स्वभावतः वहां कुछ अनुकरण होता है, नकल होती है। मैं शब्दों को दोहराता हूं। इंजीनियर बनने के लिए मुझे पहले तकनीक सीखनी पड़ती है और तब मैं उस तकनीक का पुर्लो, इमारतों के निर्माण में प्रयोग करता हूं। बाह्य तकनीक में किसी सीमा तक अनुकरण या दोहराव जरूरी हो जाता है, पर जब आंतरिक अनुकरण होता है, तब निस्संदेह हम सर्जनशील नहीं रहते।

आज हमारी शिक्षा, हमारी सामाजिक संरचना, हमारा तथाकथित धार्मिक जीवन, सभी अनुकरण पर आधारित हैं; इसका अर्थ यह हुआ कि हमें किसी विशेष सामाजिक या धार्मिक फार्मूले के अनुकूल बनना होता है। वास्तव में, मेरा व्यक्तिगत अस्तित्व समाप्त हो जाता है, मनोवैज्ञानिक दृष्टि से मैं कुछ संस्कारबद्ध अनुक्रियाओं वाला, पुनरावृति करने वाला यंत्र भर बन जाता हूं, चाहे वे अनुक्रियाएं हिंदू की हों या ईसाई की अथवा बौद्ध की हों। हमारे प्रत्युत्तर समाज के ढांचे के अनुसार संस्कारित होते हैं, चाहे वह प्रारूप पश्चिमी हो या प्राच्य, भौतिकवादी हो या धार्मिक। इसलिए अनुकरण समाज के विघटन के मूलभूत कारणों में से एक है और इस विघटन को क्रियान्वित करने वाले अनेक कारकों में से एक कारक है नेता, जिसका आधार ही अनुकरण है।

विघटित होते समाज के स्वरूप को समझने के लिए

क्या आपने ध्यान दिया है कि सृजन के क्षणों में, जीवंत रुचि के सुखद पलों में पुनरावृत्ति या अनुकरण का कोई भाव नहीं होता? ऐसे क्षण सदा नए, सर्जनशील और सुखद होते हैं।

क्या इसका अन्वेषण आवश्यक नहीं है कि आप और मैं, यानी व्यक्ति सर्जनशील हो सकते हैं या नहीं? हम देख सकते हैं कि जहां कहीं भी अनुकरण है, विघटन होता ही है। चूंकि हमारी समस्त मानसिक, मनोवैज्ञानिक संरचना सत्ता-प्रामाण्य पर आधारित है, अतः हमें सर्जनशीलता के लिए इनसे मुक्त होना होगा। क्या आपने ध्यान दिया कि सृजन के क्षणों में, जीवंत रुचि के सुखद पलों में पुनरावृत्ति, अनुकरण का कोई भाव नहीं होता? ऐसे क्षण सदा नए, सर्जनशील और सुखद होते हैं।

जे कृष्णमूर्ति

दलाई लामा | बौद्ध धर्म गुरु



मुझे भविष्य से उम्मीद क्यों है? क्योंकि हमारी परेशानियां खुद की खड़ी की हुई हैं। हमारा बुनियादी इंसानी स्वभाव करुणा वाला है। इसीलिए, ईमानदार कोशिश करने पर एक शांतिपूर्ण और करुणामयी दुनिया बनाना मुमकिन है।

हिन्दुस्तान 75 साल पहले 06 अक्टूबर, 1951

खेत मजदूरों की स्थिति

भारत कृषि-प्रधान देश है। खेती ही अधिकांश लोगों की जीविका का साधन है। किन्तु जो लोग खेती पर अपनी जीविका के लिए निर्भर करते हैं, उन सबके पास खेती की अपनी जमीन नहीं है। ऐसे लोगों को खेत-मजदूर की संज्ञा दी गई है; क्योंकि वे भूस्वामियों और किसानों की जमीन पर मजदूरी करके अपनी उदर-पूर्ति करते हैं।

ऐसे लोगों की संख्या देश भर में 3 करोड़ 40 लाख जितनी अनुमान की जाती है। कुल देहाती जनता का एक तिहाई भाग खेत-मजदूरों का है। देहाती जनता में खेत मजदूरों की हालत जितनी खराब है, उतनी शायद ही और किसी वर्ग की होगी। उन्हें न भर-पेट खाने को मिलता है और न पूरी तरह तन ढकने को कपड़ा। मौसम की कठोरताओं की परवा किये बिना उन्हें सुबह से शाम तक कठोर परिश्रम में जुटे रहना पड़ता है। खेत-मजदूर जिन विषम परिस्थितियों में जीवित रह रहे हैं, वे निश्चय ही क्रांति को निमंत्रण देने वाली हैं। भारतीय राज्य जनहितकारी होने का दावा करता है, किन्तु खेत-मजदूरों की पिछड़ी हुई अवस्था उसके इस दावे को चुनौती देती है। स्वराज्य और स्वतंत्रता को सार्थक करने के लिए खेत-मजदूरों की अवस्था में सुधार करने का सबसे पहले और प्रभावशाली प्रयत्न होना चाहिए।

भारत सरकार के श्रम मंत्री ने संसद के सामने एक वक्तव्य पेश किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि खेत-मजदूरों की अवस्था को सुधारने की दिशा में केन्द्रीय और राज्य सरकारों ने अब तक क्या किया है और भविष्य में वे क्या-कुछ करने का इरादा रखती हैं। इस दिशा में अब तक जो काम हुआ है, उस पर संतोषप्रकट नहीं किया जा सकता। संसद ने सन् 1948 में एक कानून स्वीकार किया था, जिसके अनुसार राज्य सरकारों को खेत-मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी निर्दिष्ट करना था। सरकार आशा करती है कि खेत-मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी तय हो जाने से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। इस कानून के मुताबिक अभी तक केवल तीन राज्यों-पंजाब, दिल्ली और कच्छ ने न्यूनतम मजदूरी निर्धारित की है। यह प्रगति बहुत संतोषजनक नहीं समझी जा सकती। संबंधित कानून में इसी वर्ष अप्रैल में एक संशोधन किया गया है। 31 दिसम्बर, 1953 तक की अवधि नियत कर दी गई है।

विदेशी दान की निगरानी बहुत जरूरी

अब हम एक वैश्विक गांव में रह रहे हैं। नई परिस्थिति में अब एक देश से दूसरे देश में सहायता-राशि हस्तांतरित करना भी बहुत आसान हो गया है। किसी धनराशि के हस्तांतरण का उद्देश्य यदि सचमुच गरीब अथवा विकासशील देशों की मदद करना है, तो इसका स्वागत किया जाना चाहिए। परंतु, आजकल कुछ देश अन्य देशों में राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उथल-पुथल पैदा करने के उद्देश्य से धनराशि का हस्तांतरण करने का प्रयास करने लगे हैं। विशेष रूप से विकसित देश अपनी औपनिवेशिक, विस्तारवादी नीतियों के अंतर्गत इन देशों में गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीओ), न्यास व सामाजिक संगठनों के माध्यम से अथवा अन्य माध्यमों से भारी मात्रा में धनराशि का हस्तांतरण करते हैं, ताकि इन देशों के गरीब-वंचित नागरिकों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराया जाए और उन्हें ईसाई अथवा मुसलमान बनाया जा सके। हालांकि, धनराशि का हस्तांतरण कुछ अन्य घोषित उद्देश्य के साथ किया जाता है, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, धार्मिक केंद्र के निर्माण, अनुसंधान, मानवीय सेवा और आपदा राहत। अभी हाल ही में श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश आदि छोटे विकासशील देशों में सत्ता परिवर्तन कराने में भी विदेशी अंशदान की विशेष भूमिका रही है।

वैश्विक स्तर पर कुछ देशों में जब अन्य देशों द्वारा भेजी जाने वाली धनराशि का उपयोग इन देशों के नागरिकों का धर्म परिवर्तन कराने अथवा घोषित उद्देश्यों के परे जाता दिखाई देने लगा, तो कई देशों ने विदेशी अंशदान को नियमित करने के उद्देश्य से कानून बनाए जाने के बारे में विचार शुरू कर दिया। बाद में अमेरिका (1938), ऑस्ट्रेलिया (2018), कनाडा (2024), इंग्लैंड (2025) आदि देशों में इस संदर्भ में कुछ सख्त कानून बनाए भी गए। यूरोपीय संघ भी वर्तमान में ऐसी ही व्यवस्था को विधिक रूप देने की प्रक्रिया में है।

भारत भी इससे अछूता नहीं रह सका और पात्र संस्थानों द्वारा विदेशी योगदान प्राप्त करने और उसके उपयोग को नियमित करने के उद्देश्य से वर्ष 1976 में विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम बनाया गया। इस अधिनियम को लागू करने का मुख्य उद्देश्य विदेशी अंशदान में पारदर्शिता, जवाबदेही, कानून, वैध कार्य और जन-विश्वास सुनिश्चित करना है। साथ ही, राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और व्यापक राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना है। अमेरिका में वर्ष 1938 में बने कानून में परिस्थिति के अनुसार वर्ष 1960 में और समय-समय पर संशोधन किए गए हैं। हमें भी अपने हित में संशोधन करना चाहिए।

प्रहलाद सबनानी, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम

विदेशी अंशदान



कानून में संशोधन की दरकार नहीं

देश के गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ), धार्मिक संस्थाएं, विपक्षी दल और नागरिक समाज द्वारा कड़ा विरोध किया जा रहा है कि इसमें बदलाव नहीं होना चाहिए।

यहां सवाल उठता है कि एफसीआरए (विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम) 2026 संशोधन विधेयक और नए नियमों को लेकर बदलावों का विरोध क्यों किया जा रहा है? तथ्यों पर नजर डालें, तो इसका मुख्य कारण संपत्ति पर कब्जे की आशंका है। केंद्र द्वारा प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, यदि किसी संस्था का एफसीआरए लाइसेंस रद्द हो जाता है या नवीनीकृत नहीं होता, तो सरकार विदेशी राशि से बनी संपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में ले सकती है। आलोचकों, चर्चों व एनजीओ को डर है कि इससे अस्पतालों, स्कूलों और मिशनरी ट्रस्टों की संपत्तियों पर सरकारी नियंत्रण बढ़ जाएगा।

इसके साथ ही नागरिक समाज की स्वतंत्रता पर असर पड़ेगा। विपक्षी दलों और मानवाधिकार संगठनों का आरोप है कि कड़े प्रावधानों और 'राजनीतिक प्रकृति' की गतिविधियों पर रोक के नाम पर सरकार असहमति की आवाजों और स्वतंत्र रूप से काम करने वाले गैर-सरकारी संगठनों को दबाना चाहती है। इसी तरह, धार्मिक और अल्पसंख्यक संस्थाओं को लेकर चिंता जताई जा रही है। ईसाई और अन्य अल्पसंख्यक संगठनों को यह आशंका है कि नए नियम से उनके मानवीय और सामाजिक कार्य प्रभावित होंगे। ये आशंकाएं जायज हैं।

वैसे भी, भारत में एफसीआरए, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों, जो विदेशी अंशदान प्राप्त करते हैं, पर लागू होता है, जबकि कुछ अन्य देशों में तुलनीय वैश्विक कानून का कार्यक्षेत्र विस्तृत है और यह लॉबिस्ट, जनसंपर्क (पीआर) फर्म, थिंक टैंक, विश्वविद्यालयों तथा कंपनियों सहित उन सभी संस्थाओं या व्यक्तियों पर लागू होता है, जो किसी विदेशी संस्था के लिए पर कार्य करते हैं, चाहे वे किसी भी क्षेत्र से संबंधित हों।

कानून की कुछ धाराओं के विरुद्ध अस्त्य विमर्श खड़े किए जाने के प्रयास हो रहे हैं। हालांकि, भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय की वेबसाइट पर इस बारे में पर्याप्त जानकारी प्रदान की गई है। इसी के आधार पर अस्त्य विमर्श को ध्वस्त किया जा सकता है। वर्ष 2024-25 में लगभग 16,200 संस्थाएं भारत में सक्रिय रूप से पंजीकृत थीं और उन्होंने लगभग 22,963 करोड़ रुपये का विदेशी अंशदान प्राप्त किया, जो किसी प्रतिबंधात्मक व्यवस्था का संकेत नहीं है। नए प्रावधान को कानूनी जामा पहनाया गया, तो कई सारे मानव सहायता के कार्य प्रभावित होंगे।

प्राची सिंह, शोध छात्रा

आर्थिक मुद्दे हमारे लिए सबसे जरूरी हैं और यह बेहद महत्त्वपूर्ण है कि हम अपने सबसे बड़े दुश्मन गरीबी और बेरोजगारी से लड़ें।

- लालबहादुर शास्त्री

भरोसे का सवाल

भारतीय लोकतंत्र में चुनाव आयोग की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। उसकी जिम्मेदारियों का मूल्यांकन मतदाता सूची तैयार करने से लेकर निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से मतदान सुनिश्चित कराने तक से किया जाता है। इसलिए लोकतांत्रिक व्यवस्था में इस संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता को बनाए रखना बेहद जरूरी है। मगर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर की प्रक्रिया को लेकर शुरू से ही जिस तरह के सवाल उठ रहे हैं, उससे राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर गंभीर चिंताएं उभरी हैं। खासकर विभिन्न राज्यों में लाखों की संख्या में नागरिकों को मतदाता सूची से बाहर कर देने से शासन के चयन में उनकी भागीदारी खत्म हो जाने के साथ-साथ उनके सामने कई तरह की चुनौतियां पैदा हो गई हैं। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने भी बीते रविवार को हैदराबाद में एक कार्यक्रम में इस चिंता को रेखांकित करते हुए कहा कि नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित करने वाली कोई भी प्रक्रिया संवैधानिक व्यवस्था के खिलाफ है और उसे किसी भी तरह की दलीलों के जरिए उचित नहीं ठहराया जा सकता।

एसआइआर प्रक्रिया पर उठ रहे सवालों की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हाल में देश भर में करीब तेरह करोड़ लोगों को मतदाता सूची से बाहर कर दिए जाने की खबरें आई हैं। इतने बड़े पैमाने पर अगर देश के नागरिक अपने मताधिकार से वंचित हो जाएं, तो क्या इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता सूची की शुचिता के दृष्टिगत शुभ संकेत के तौर पर देखा जाएगा? किसी नागरिक का मतदाता बनना और उसके मतदान करने का अधिकार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की आधारशिला होता है। केवल तकनीकी पहलुओं के आधार पर उसकी पहचान से मताधिकार को अलग कर देना क्या लोकतंत्र में उसकी सबसे महत्त्वपूर्ण भागीदारी को खत्म कर देना नहीं है? न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने भी अपनी टिप्पणी में कहा है कि देश का संविधान नागरिकों को दो वर्गों में नहीं बांटता, जिनमें से एक वर्ग मताधिकार प्राप्त हो और दूसरा मताधिकार से वंचित। यदि किसी प्रक्रिया के परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर लोग अपने ही देश में दोयम दर्जे के नागरिक बन जाएं, तो उसमें सुधार की राह निकालना अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

दूसरी ओर, एसआइआर के तहत फार्म-6 को लेकर सर्वोच्च न्यायालय की ओर से सोमवार को स्थिति स्पष्ट किए जाने से चुनाव आयोग के उस दावे को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं, जिसमें कहा गया था कि शीर्ष अदालत ने इस फार्म की घोषणा को सही ठहराया है। जबकि न्यायालय ने साफतौर पर कहा कि उसने इस फार्म में किसी भी तरह के बदलाव को मंजूरी नहीं दी है। इससे चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को लेकर आम नागरिकों के बीच भरोसे का संकट और गहरा हो गया है। यही नहीं, शीर्ष अदालत ने आयोग के भीतर मतभेदों के दावे से जुड़े मामले में निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर कहा कि जो भी फैसला कानून के अनुरूप नहीं पाया जाएगा, उसे रद्द कर दिया जाएगा। इससे स्पष्ट है कि मतदाता सूची में किसी भी तरह के संशोधन के दौरान कानून, प्रक्रिया और नागरिकों के अधिकारों के बीच संतुलन कितना आवश्यक है। किसी भी चुनावी सुधार प्रक्रिया की सफलता इस बात से तय नहीं होती कि मतदाता सूची से कितने लोग बाहर किए गए और कितने नए नाम जोड़े गए, बल्कि इससे होती है कि पात्र नागरिकों के अधिकार पूरी तरह सुरक्षित रहें।

संवाद के बजाय

लोकतंत्र में असहमति अवांछित शोर नहीं, बल्कि उसकी जीवंतता का प्रमाण है। ऐसे में जब देश के विभिन्न हिस्सों में युवा शिक्षा, रोजगार, अवसर और अधिकारों से जुड़े सवालों को लेकर सड़कों पर उतरते हैं, तो सबसे पहले उनके सवालों को सुनने की जरूरत है। पढ़ाई और करिअर बनाने की उम्र में एक समूची पीढ़ी अपनी ऊर्जा आंदोलन में लगाने को विवश हो, तो यह केवल उसकी बेचैनी नहीं, बल्कि व्यवस्था के लिए भी आत्ममंथन का विषय होना चाहिए। विडंबना यह है कि आंदोलित युवाओं से संवाद करने और समस्याओं का समाधान खोजने के बजाय सरकारी तंत्र सख्ती को ही रास्ता मान लेता है। कानून-व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन हर असहमति को संदेह की नजर से देखना लोकतंत्र के लिए स्वस्थ संकेत नहीं। विरोध और अराजकता एक नहीं हैं। सवाल उठाना व्यवस्था को चुनौती देना नहीं है। जब शासन नागरिकों के सवालों का उत्तर तर्क और संवाद के बजाय शक्ति से देने लगे, तो लोकतंत्र आदेश की भाषा में बदलने लगता है।

हालांकि लोकतंत्र की ताकत कठोरता में नहीं, आलोचना सुनने और अपनी नीतियों की समीक्षा करने की क्षमता में होती है। युवाओं के आंदोलनों को भीड़ और नारों के रूप में देखना आसान है, जबकि कठिन काम यह समझना है कि आखिर ऐसी कौन-सी परिस्थितियां हैं, जो भविष्य बनाने की उम्र में उन्हें सड़क पर आने को विवश करती हैं। उनके सवालों में अगर व्यवस्था की कमी दिखती है, तो उसे दबाने के बजाय खामी को दूर करना चाहिए। अफसोस की बात यह है कि देश के अलग-अलग हिस्सों और खासतौर पर दिल्ली में युवाओं के आंदोलन के प्रति पुलिस का जैसा रवैया देखा जा रहा है, वह नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों और लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। सत्ता की आलोचना, न्यायपूर्ण नीतियों की मांग और व्यवस्था में सुधार जैसे सवाल सुनने और समाधान की मांग करते हैं, न कि दमन के सहारे चुप कराए जाने की। सख्ती से कुछ समय के लिए सन्नाटा पैदा किया जा सकता है, लेकिन यह समाधान नहीं है। देशहित के सवालों पर सड़क पर उतरे युवाओं के साथ संवादहीनता की स्थिति से समस्या और भी जटिल हो सकती है। युवाओं के सवालों को सुनना सरकार की जिम्मेदारी है।

जल प्रबंधन में व्यापक सुधारों की राह

भारत ने जल प्रबंधन में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। मगर जल सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए पानी की आपूर्ति को सतत बनाए रखना और पानी की बर्बादी को रोकने के साथ-साथ प्रयुक्त जल को भी एक संसाधन की तरह देखना होगा।

परमेश्वरन अय्यर/ नितिन बस्सी/ डेनियल डब्लू स्मिथ



हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित 'भारत अंतरराष्ट्रीय जल सप्ताह' के नौवें संस्करण का केंद्रीय विषय जलवायु-अनुकूल जल प्रबंधन था। इस दौरान चर्चा में दो बातों पर जोर दिया गया कि भारत ने पिछले एक दशक में क्या हासिल किया है और उससे आगे क्या करना है। आगे की राह का मतलब पानी की आपूर्ति को सतत बनाए रखना, पानी का अधिक कुशलता से उपयोग करना, और इस्तेमाल हो चुके पानी यानी प्रयुक्त जल को पर्यावरण और अर्थव्यवस्था के लिए एक संसाधन की तरह देखना है। वैश्विक जलप्रबंधन के क्षेत्र में भारत का प्रभाव काफी बढ़ा है। वह कभी एक ऐसा देश था, जिसे बार-बार जलवायु संकट के झटकों का सामना करना पड़ता था, जहां पानी तक पहुंच एक बड़ी चुनौती थी। मगर आज वह बाढ़ और सूखे जैसी चरम जलवायु घटनाओं से निपटने में अधिक सक्षम है। भारतीय अनुभव में वैश्विक दक्षिण के दूसरे देशों के लिए सीख मौजूद है कि कैसे जल सुरक्षा की दिशा में बड़े कदम उठाए जा सकते हैं।

पिछले करीब एक दशक में भारत ने जल प्रबंधन को लेकर दुनिया के कुछ सबसे बड़े कार्यक्रमों को बनाया और लागू किया है। इनका मकसद जल प्रबंधन को बेहतर बनाना, नदियों को पुनर्जीवित करना, पानी एवं स्वच्छता के उपायों तक पहुंच बढ़ाना और सामुदायिक अगुवाई में पानी को बचाना, सुरक्षित रखना और उसकी उपलब्धता बढ़ाने वाले कार्यों को सक्षम एवं प्रभावी बनाना है। अगर पीछे मुड़कर देखें, तो इसमें वर्ष 2001 से 2014 के बीच गुजरात में जल प्रबंधन से जुड़ी पहलें महत्त्वपूर्ण रही हैं। यह दौर उन जल प्रबंधन सुधारों की एक प्रयोगशाला जैसा था, जिन्हें वर्ष 2014 के बाद पूरे देश में लागू किया गया। इसमें स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, जल शक्ति अभियान, नमामि गंगे, अटल भूजल योजना और प्रति बूंद अधिक फसल जैसे बड़े जल कार्यक्रमों का कार्यान्वयन शामिल है।

पच्चीस साल के इस सफर को एक नए अध्ययन 'फ्राम गुजरात टू इंडियाः वाटर लेसंस फार द वर्ल्ड' में दर्ज किया गया है। यह वर्ष 2001 से 2026 तक गुजरात और भारत के जल प्रबंधन सुधारों का क्रमवार ब्योरा देती है। यह अध्ययन आधिकारिक आंकड़ों, नीति, कार्यक्रमों के दस्तावेजों, शोधों और इस क्षेत्र में काम करने वालों लोगों से बातचीत पर आधारित है। इसमें प्रमुखता से यह तथ्य सामने आया है कि कैसे व्यापक स्तर पर जल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए राजनीतिक नेतृत्व एवं प्राथमिकता, सार्वजनिक विनिवेषण, संस्थागत सुधार, प्रशासनिक अमल और सामुदायिक भागीदारी ने एकजुट होकर काम किया है। इस अध्ययन का मुख्य निष्कर्ष है कि जल सुरक्षा के लिए जितनी बड़ी चुनौती इंजीनियरिंग की है, उतनी ही शासन एवं संस्थाओं के लिए भी है। इस संदर्भ में गुजरात का अनुभव एक उपयोगी दृष्टि देता है कि बाद में राष्ट्रीय स्तर पर जल प्रबंधन के सफर और वैश्विक दक्षिण के लिए इसके महत्त्व को कैसे समझा जाए।

इस अध्ययन के अंतर्गत भारत के पिछले एक दशक और उससे पहले के गुजरात के अनुभवों से चार प्रमुख सीख मिलती हैं। अगर इन सीख का सही अध्ययन हो और इन्हें अपने संदर्भ के हिसाब से ढाला जाए, तो ये आने वाले वर्षों में कारगर साबित हो सकती हैं। ये वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों में जल प्रबंधन को दिशा दे सकती हैं। ये चार सीख हैं- शासन को आगे रखें, संसाधन एवं सेवा प्रबंधन को एक साथ रखें, पहल को समुदायों से जोड़ें और शुरुआत से ही बड़े पैमाने पर विस्तार को ध्यान में रखा जाए। सिर्फ भौतिक संरचना ही नहीं, शासन को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। जल सुरक्षा के केंद्र में सिर्फ उसकी बुनियादी संरचना नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति और संस्थाओं की मजबूती भी है। इन्हें व्यापक स्तर पर लागू करने के लिए भारत ने एक रूपरेखा विकसित की है, जिसे '4 पी' कहा जाता है। इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने अक्तूबर, 2018 में 'दिल्ली घोषणा' के माध्यम से दुनिया के सामने रखा था।

> जल से जुड़ी पहलों को सामुदायिक आधार देना जरूरी है। पानी तक पहुंच उन समुदायों में तेजी से आगे बढ़ती है, जिनके पास प्रभावी स्थानीय जल शासन संस्थाएं होती हैं। यह जल के संरक्षण, संवयन और पुनर्भरण के कई कार्यक्रमों से सिद्ध हुआ है। इसे पाने में विभिन्न स्तरों पर शासन का आपसी जुड़ाव काम करता है। जैसा कि वर्ष 2001 से 2014 के दौरान गुजरात में दिखाई दिया, जहां पर चिंतन शिविरों ने प्रमुख हितधारकों के बीच जल प्रबंधन को प्राथमिकता बनाने में मदद की। इससे कई ऐसे व्यावहारिक समाधान भी निकले, जिनके आधार पर समुदायों की उम्मीदों के मुताबिक जल नीतियां बनाई जा सकीं। राष्ट्रीय स्तर पर भी ऐसे ही प्रयास हुए हैं।

इस रूपरेखा में पहला 'पी' 'पालिटिकल लीडरशिप' यानी पानी को प्राथमिकता देने वाला राजनीतिक नेतृत्व है। यह नल जल तक सार्वभौमिक पहुंच, ज्यादा स्वच्छ गंगा, सामुदायिक नेतृत्व में भूजल प्रबंधन और पानी को प्राथमिकता बनाने वाले 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन' जैसे जन संचार अभियानों में दिखाई देता है। दूसरा 'पी' 'पब्लिक (और प्राइवेट) फाइनेंसिंग' यानी सार्वजनिक (और निजी) वित्तपोषण के उपाय खोजना है, ताकि जल शासन की भारी पूंजीगत लागत और बार-बार आने वाले खर्चों को पूरा किया जा सके। तीसरा 'पी' 'पार्टनरशिप्स' यानी साझेदारियां है। ये साझेदारियां केंद्र, राज्य और स्थानीय सरकारों, समुदाय आधारित संगठनों और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ज्ञान संस्थाओं के बीच होनी चाहिए। चौथा 'पी' 'पीपुल्स पार्टिसिपेशन' यानी पानी से जुड़े स्थानीय फैसलों और प्रबंधन में जन भागीदारी सुनिश्चित करना है।

जल संसाधन और सेवा प्रबंधन एक साथ होना चाहिए। अगर पानी का प्रवाह नहीं होगा, तो नल और नहरें सभी नाकाम हो जाएंगे। जल संसाधनों के विकास और सेवाओं को सतत बनाने के लिए दोनों पर एक साथ और व्यापक स्तर पर काम करना बहुत जरूरी है। अफ्रीका के कई शहर दूसरे शहरों की तुलना में तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए वहां उद्योग और सिंचाई की मांग बढ़ना तय है। ऐसे में जल संसाधनों और सेवाओं की योजनाओं को अभी एकसाथ बनाना भविष्य में बुनियादी संरचना में बदलाव करने की तुलना में किफायती रहेगा। पिछले कुछ दशकों का भारत का अनुभव बताता है कि अगर भविष्य में पानी की मांग वृद्धि के आधार पर जल संसाधनों और सेवाओं को आपस में जोड़ने वाली योजनाओं को पहले से बना लिया जाए, तो यह आर्थिक बदलावों का लाभ उठाने के लिए मददगार रहेगा। साथ ही जल असुरक्षा का जोखिम भी कम होगा।

जल से जुड़ी पहलों को सामुदायिक आधार देना जरूरी है। पानी तक पहुंच उन समुदायों में तेजी से आगे बढ़ती है, जिनके पास प्रभावी स्थानीय जल शासन संस्थाएं होती हैं। यह जल संरक्षण, जल संचयन और जल पुनर्भरण के कई कार्यक्रमों से सिद्ध हुआ है। इसे पाने में विभिन्न स्तरों पर शासन का आपसी जुड़ाव काम करता है। जैसा कि वर्ष 2001 से 2014 के दौरान गुजरात में दिखाई दिया, जहां पर चिंतन शिविरों ने प्रमुख हितधारकों के बीच जल प्रबंधन को प्राथमिकता बनाने में मदद की। इससे कई ऐसे व्यावहारिक समाधान भी निकले, जिनके आधार पर समुदायों की उम्मीदों के मुताबिक जल नीतियां बनाई जा सकीं। राष्ट्रीय स्तर पर भी ऐसे ही प्रयास हुए हैं। दुनिया सतत विकास लक्ष्य-छह को पाने में पीछे चल रही है। इसके तहत वर्ष 2030 तक सभी के लिए सुरक्षित पेयजल एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने तथा जल संसाधनों, प्रयुक्त जल और पारिस्थितिकी तंत्रों के सतत प्रबंधन का लक्ष्य है। अनुमानों के अनुसार, इसके लिए हर साल 500 अरब डालर के अतिरिक्त निवेश की जरूरत है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए जल प्रबंधन में सुधार, बुनियादी ढांचे तैयार करना, आंकड़े जुटाना और रखरखाव जैसे कार्यों को बड़े पैमाने पर करना होगा।

उपेक्षित बुजुर्ग

क्षमा शर्मा

कुछ दिन पहले कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ से जुड़ी एक कंपनी के मालिक ने कहा था कि इन बूढ़ों की बात मत सुनिए। उन्होंने यह कोई नई बात नहीं कही। वृद्ध होते ही समाज आपको एक दयनीय चीज समझता है। कई बार सरकारें भी इस आशय की बात कहती रहती हैं कि वृद्ध लोग अर्थव्यवस्था पर बोझ हैं। पहली नजर में देखने पर ऐसा लगता है कि ऐसा सोचना सही ही होगा। आखिर समाज और आर्थिकी को चलाने के लिए युवा चाहिए। कोरोना महामारी के समय भी ऐसा बहुत कुछ सुनने को मिला था। किसी भी दल की सरकार हो, वे अपनी जो भी योजनाएं बनाती हैं, वे युवाओं को लक्षित होती हैं।

दूसरी ओर, चीन, जापान और यूरोप के बहुत से देश हैं, जहां लोग अब बच्चे नहीं पैदा करना चाहते। कहीं यह सरकारी नीतियों की उपज है, तो कहीं समाज की मानसिकता का बन गया हिस्सा। मगर अब वहां की सरकारें कह रही हैं कि आगे उनका देश कैसे चलेगा, क्योंकि उनके यहां बुजुर्गों की संख्या बढ़ती जा रही है। उनकी सामाजिक सुरक्षा योजना पर काफी खर्च होता रहा है। भारत में भी बाल सफेद होते ही स्त्री या पुरुष को वृद्ध के खाते में डाल दिया जाता है। यानी प्रकारांतर से कहा जाता है कि अब समाज को उसकी जरूरत नहीं। 'चित्रलेखा' उपन्यास का वह वाक्य याद आता है, जहां शृंगार करते हुए एक महिला चित्रलेखा से कहती है कि- देवी, सफेद बाल! फिल्म में नायिका को एकाएक शीशे में अपनी शक्ल दांत टूटी हुई, एक अशक्त वृद्धिया के रूप में नजर आने लगती है। यानी लोग बुढ़ापे से डरते हैं। बुढ़ापा यानी मृत्यु के आसपास होने का अहसास। शायद यही कारण है कि अब चाहे कोई स्त्री हो या पुरुष, बहुत कम लोगों के बाल सफेद नजर आते हैं। सौंदर्य उद्योग ने भी अपने उत्पादों को लोकप्रिय करने के लिए मुहावरा चलाया है- 'एज इज जस्ट ए नंबर', यानी उम्र सिर्फ एक अंक भर है।

जब तक अपने यहां संयुक्त परिवारों का बोलबाला था, तब तक फिर भी घरों में बुजुर्गों की कुछ अहमियत थी। हालांकि तब भी ऐसे मामले होते थे, जब किसी बुजुर्ग को बहुत से परिवार वाले किसी ऐसे स्थान पर छोड़ आते थे, जहां से वे फिर कभी घर न लौट सकें। मगर कई लोक कथाएं ऐसी मिलती हैं, जहां जब युवा वर्ग किसी परेशानी में फंसता है, तो बुजुर्ग ही उन्हें उस मुसीबत से निकालते हैं। ये एक तरह से उनके अनुभव के महत्त्व को समझना है। अनुभव उम्र से ही तय होता है। जन्म लेते ही कोई अनुभवी नहीं हो जाता।

जब से एकल परिवारों का चलन दुनिया भर में बढ़ा है, तब से बुजुर्गों की हालत खराब होती जा रही है। पश्चिम में तो फिर भी सरकारों की तरफ से कुछ योजनाएं उनके लिए हैं। अच्छे वृद्धाश्रम भी हैं, लेकिन अपने यहां ऐसा बहुत कम है। इंटरनेट पर मौजूद वीडियो में अक्सर दिखता है कि कभी बहू, तो कभी बेटा, तो कभी बेटी, वृद्ध माता-पिता के संसाधनों पर कब्जा जमाकर उन्हें वृद्धाश्रमों में छोड़ने की बातें करते हैं।

अपने देश में सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2022 में बुजुर्गों की आबादी 15.3 करोड़ थी। 2050 तक इनकी आबादी 34.7 करोड़ होने का अनुमान है। इसीलिए मांग की जा रही है कि अब सेवानिवृत्ति की उम्र को बढ़ाया जाए। सेवानिवृत्ति के बाद भी ऐसे काम हों, जिन्हें उम्रदराज लोग कर सकें। उनकी कुछ आय हो जाए और वे बच्चों पर निर्भर न रहें। मगर अपने यहां सरकारों की यह सोच नहीं बदली है कि इन दिनों भी बच्चे माता-पिता के साथ रहते होंगे। इसीलिए बुजुर्गों के मसलों पर बहुत बेमन से सोचा जाता है। यहां तक कि बहुत सारी विदेशी कंपनियां भी भारत आकर ऐसा ही सोचती हैं। इस संदर्भ में बहुत पहले की एक घटना कई लोगों को याद होगी। एक युवा को बहुत बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनी में नौकरी मिली, लेकिन उसे घर के किराए का भत्ता नहीं दिया गया। कारण पूछने पर कंपनी ने कहा कि आप तो अपने माता-पिता के साथ रहते होंगे। कुछ साल पहले एक सर्वेक्षण में बताया गया था कि भारत में तिरसठ फीसद युवा परिवार के साथ नहीं रहना चाहते।

जब से यह बात चली है कि भारत सबसे युवा आबादी वाला देश है, पैंसठ फीसद लोग युवा हैं, तब से शायद ही किसी राजनीतिक पार्टी को हमने बुजुर्गों की इतनी बड़ी आबादी के हितों के बारे में बात करते सुना होगा। इनके वोट तो सभी को चाहिए, लेकिन ये सबसे उपेक्षित नागरिक बना दिए गए हैं। सही है कि कभी-कभार अदालतें जरूर लताड़ लगाती हैं, लेकिन अदालतों तक कितने लोग पहुंच पाते हैं! परिवार की प्रतिष्ठा की खातिर ज्यादातर बुजुर्ग अपने बच्चों की शिकायत तक नहीं करते। पिछले दिनों एक बेटे ने अपनी मां से मारपीट की। जब पुलिस ने उसे पकड़ा, तो मां ने कहा कि मेरा बेटा तो बहुत अच्छा है। अगर उसने पीटा होता, तो क्या मुझे चोट न लगती? जबकि इस घटना का वीडियो भी उपलब्ध था। एक और कोई बुजुर्ग अपने बेटे को बचाने के लिए इस हद तक चला जाता है कि अपने खिलाफ बेटे की हिंसा और अपमान को भी नजरअंदाज करता है, दूसरी ओर बेटा अपने स्वार्थ में पिता के प्रति न्यूनतम संवेदना भी नहीं रख पाता। सवाल है कि जहां बुजुर्गों को ऐसे दुराग्रहों के बीच जीवन गुजारना पड़ रहा हो, वहां एक संवेदनशील समाज का हिस्सा होने पर हम कैसे खुश हो लें!

> जब से यह बात चली है कि भारत सबसे युवा आबादी वाला देश है, पैंसठ फीसद लोग युवा हैं, तब से शायद ही किसी राजनीतिक पार्टी को हमने बुजुर्गों की इतनी बड़ी आबादी के हितों के बारे में बात करते सुना होगा। इनके वोट तो सभी को चाहिए, लेकिन ये सबसे उपेक्षित नागरिक बना दिए गए हैं।

दुनिया मेरे आगे

कूटनीतिक विरोधाभास



'अमेरिका की कूटनीति का बदलता रुख' (लेख, 30 सितंबर) पढ़ा। इसमें बताया गया है कि अमेरिका की बदलती कूटनीति ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में विश्वसनीयता और स्थिरता को लेकर नए सवाल खड़े किए हैं। एक ओर वह अपने पुराने सहयोगियों पर व्यापारिक दबाव बना रहा है, तो दूसरी ओर चीन के प्रति नरम रुख अपनाता दिखाई दे रहा है। यह विरोधाभास उसकी सौदा-केंद्रित विदेश नीति को उजागर करता है। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती कारोबारी निकटता का असर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की रणनीतिक प्राथमिकताओं पर भी पड़ सकता है। इससे क्वाड की भूमिका और चीन से इतर विनिर्माण केंद्र के रूप में भारत की संभावनाएं प्रभावित होने की आशंका है। ऐसे में भारत के लिए किसी एक महाशक्ति पर निर्भर रहने के बजाय अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखना जरूरी है। रूस, यूरोप, जापान और वैश्विक दक्षिण के साथ संबंधों का विस्तार ही बदलते वैश्विक समीकरणों में भारत के हितों को सुरक्षित रखने में सहायक हो सकता है।

- मनोज वशिष्ठ, रेवाड़ी

दवा की लूट

महंगी दवाओं की कीमतों में भारी अंतर की खबरें स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर विसंगतियों को सामने लाती हैं। दवा की कीमतों में अनियमितता केवल मुनाफाखोरी का मामला नहीं, बल्कि मरीज की मजबूरी का फायदा उठाना है। सुप्रीम कोर्ट की 'आर्थिक जनसंहार' वाली टिप्पणी इस समस्या की गंभीरता बताती है। दवाओं की अधिकतम बिक्री कीमत तय करने के लिए कठोर और पारदर्शी व्यवस्था जरूरी है। जेनरिक दवाओं की अनिवार्य उपलब्धता और अस्पतालों द्वारा मरीजों को अपनी ही फार्मेसी से दवा खरीदने के लिए बाध्य करने पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। थोक खरीद की व्यवस्था से भी कीमतें घटाई जा सकती हैं। साथ ही सरकारी अस्पतालों में सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज, पर्याप्त दवाएं, विशेषज्ञ चिकित्सक, स्वच्छता और बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित हों, ताकि आम आदमी निजी अस्पतालों की महंगी व्यवस्था का मजबूर विकल्प न बने।

- भगवानदास छारिया, इंदौर

उत्पादन का असर

औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि निश्चित रूप से स्वागतयोग्य है, लेकिन सवाल यह है कि इसका लाभ आम आदमी तक कितना पहुंच रहा है। उत्पादन के आंकड़े तभी सार्थक माने जाएंगे, जब वे रोजगार, आय और बाजार की मांग में भी दिखाई दें। केवल कारखानों की उत्पादन क्षमता बढ़ने से अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं होती। जरूरत है कि उद्योगों की लागत, उत्पादकता, तकनीक, कौशल, ऊर्जा और परिवहन जैसी बाधाओं का नियमित आकलन हो और उन्हें दूर करने के लिए सरकार तथा औद्योगिक संस्थाएं मिलकर काम करें। सूक्ष्म और छोटे उद्यमों को विशेष प्रोत्साहन देना भी जरूरी है, क्योंकि वे अपेक्षाकृत कम पूंजी में व्यापक रोजगार पैदा कर सकते हैं। असली कसौटी यही है कि उत्पादन वृद्धि का असर रोजगार, कृषि, सेवाओं, छोटे कारोबार, घरेलू मांग और निर्यात, सभी क्षेत्रों में दिखाई दे। वरना बढ़ते उत्पादन के आंकड़े आम लोगों के लिए महज आंकड़े बनकर रह जाएंगे।

- ब्रज भूषण गोयल, लुधियाना

रफ्तार बनाम रोजगार


भारत की अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार, बढ़ता बुनियादी ढांचा और डिजिटल विस्तार निश्चित रूप से उम्मीद जगाते हैं, लेकिन सवाल यह है कि इस विकास में युवाओं के लिए पर्याप्त और सम्मानजनक रोजगार कहां है? केवल अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ना तभी सार्थक होगा, जब उसके साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ें। डिग्री और नौकरी के बीच बढ़ती दूरी को पाटने के लिए कौशल आधारित शिक्षा और व्यावहारिक प्रशिक्षण जरूरी है। असंगठित क्षेत्र में काम करने वालों के लिए भी स्थिर आय और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। विनिर्माण, छोटे उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, पर्यटन और डिजिटल सेवाएं रोजगार के नए रास्ते खोल सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने से पलायन का दबाव घटेगा। महिलाओं की सुरक्षित और समान भागीदारी भी जरूरी है।

- अवनीश कुमार गुप्ता, आजमगढ़

चिंतन

अपराध में डर दिखना चाहिए

कानून का उद्देश्य केवल अपराध होने के बाद सजा देना नहीं, बल्कि अपराधी के मन में कानून का डर पैदा करना भी है। खासकर महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों में यह डर जितना मजबूत होगा, अपराधियों के हौसले उतने ही कमजोर होंगे। दिल्ली-एनसीआर में 48 दिनों के भीतर नाबालिगों से गैंगरेप की तीन घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी इसी कठोर वास्तविकता की ओर ध्यान खींचती है कि जब तक अपराधी के मन में मौत का डर नहीं होगा, तब तक ऐसे अपराध नहीं रुकेंगे। यह टिप्पणी किसी प्रतिशोध की भावना नहीं, बल्कि कानून के प्रभावी और दृश्यमान होने की जरूरत को रेखांकित करती है। 4 अगस्त को ग्रेटर नोएडा से दिल्ली जा रही बस में 16 वर्षीय नाबालिग के साथ गैंगरेप हुआ। बस करीब 47 किलोमीटर चलती रही और कश्मीरी गेट पर पीड़िता को उतारा गया। बस की खिड़कियों पर पर्दे लगे थे, यानी अपराधियों को यह भरोसा था कि उन्हें कोई देख नहीं रहा। 12 सितंबर को स्वरूप नगर में 16 वर्षीय नाबालिग के साथ गैंगरेप के बाद हत्या कर दी गई। उसका शव अगले दिन खेत के पास मिला। इस मामले में चार आरोपी गिरफ्तार हुए, जिनमें तीन नाबालिग हैं। 21 सितंबर को आस्था कुंज पार्क में 17 वर्षीय छात्रा से तीन युवकों ने फर्जी पुलिसकर्मी बनकर दुष्कर्म किया। तीनों आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। तीनों घटनाएं अलग-अलग हैं, लेकिन इनके पीछे सवाल एक है। क्या अपराधियों को व्यवस्था का पर्याप्त भय था? सुप्रीम कोर्ट ने इसी बिंदु पर पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी तय करने की जरूरत बताई है। अदालत ने साफ कहा कि केवल कागजों पर योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है। जरूरत पड़ने पर पुलिस को सख्त कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकना चाहिए। आस्था कुंज पार्क मामले में यह तथ्य और गंभीर है कि एलएसआर कॉलेज की छात्राओं की ओर से पहले यौन उत्पीड़न की शिकायतें किए जाने के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था में जरूरी सुधार नहीं हुए। एनसीआरबी के 2024 के आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में पोक्सो के 1,553 मामले दर्ज हुए हैं। यानी औसतन हर दिन चार से ज्यादा मामले। 2025 की रिपोर्ट अभी सामने नहीं आई है। ये केवल दर्ज मामले हैं; इसलिए इन्हें समस्या की पूरी तस्वीर मान लेना भी उचित नहीं होगा। बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों में सामाजिक दबाव, डर और बदनामी के कारण अनेक मामले सामने ही नहीं आ पाते। यहां 'मौत का डर' वाली सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को भी सही संदर्भ में समझना होगा। इसका अर्थ कानून से बाहर जाकर हिंसा या त्वरित न्याय नहीं है। लोकतंत्र में आरोपी को भी संविधान और कानून के तहत निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार है। लेकिन जांच तेज हो, गिरफ्तारी प्रभावी हो, अभियोजन मजबूत हो और दोष सिद्ध होने पर ऐसी सजा मिले जो दूसरे संभावित अपराधियों के लिए स्पष्ट चेतावनी बने। यही कानून के डर का वास्तविक अर्थ है। आखिरकार, कानून का डर तभी पैदा होगा जब कानून जमीन पर दिखाई देगा। अपराधी को यह संदेश साफ मिलना चाहिए कि अपराध छिपाया नहीं जा सकता, जांच टाली नहीं जा सकती और सजा से बचना आसान नहीं है। मानवाधिकार अपराधी को कानून से ऊपर नहीं रखते और कठोर कानून व्यवस्था नागरिक अधिकारों को खत्म नहीं करती। लोकतंत्र की असली कसौटी यही है कि निर्दोष सुरक्षित रहें और अपराधी को कानून का डर रहे।



डिजिटल
ओंकार चौधरी

चुनौती बन रहा सोशल मीडिया

जंतर-मंतर पर सोशल मीडिया से जुड़े युवाओं के हालिया हंगामे ने एक बड़े सवाल को फिर सामने ला दिया है—क्या कंटेंट क्रिएटर होने के नाम पर कानून और मर्यादा की सीमाएं भी खत्म हो जाती हैं? लोकतंत्र में सवाल पूछना, विरोध दर्ज कराना और व्यवस्था की जवाबदेही तय करना नागरिक अधिकार है, लेकिन सरकारी काम में बाधा डालना, पुलिस से अभद्रता करना या भीड़ के बीच अराजकता पैदा करना किसी अधिकार का हिस्सा नहीं हो सकता। सोशल मीडिया ने हर व्यक्ति को अपनी बात लाखों लोगों तक पहुंचाने की ताकत दी है। ऐसे में डिजिटल आजादी के साथ जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करना भी जरूरी है।

पिछले कुछ दिनों से हम और आप जंतर-मंतर पर सोशल मीडिया से जुड़े युवाओं का अलग ही रूप और हंगामा देख रहे हैं। इन्हें कई तरह से परिभाषित किया जा रहा है। कुछ का कथन है कि यह सब सीजेपी के ही समर्थक हैं और रिपोर्टिंग के नाम पर पुलिस के साथ अभद्रता करके अराजक माहौल बनाने की चेष्टा कर रहे हैं, कुछ का कहना है कि यदि ये कंटेंट क्रिएटर भी हैं तो उनका पुलिस के साथ बदजुबानी करने, उसके साथ भिड़ने या उनके सरकारी काम-काज में बाधा उत्पन्न करने का कोई अधिकार नहीं है। किसी आंदोलन स्थल पर यदि हजारों की संख्या में वीडियोग्राफी शुरू कर दी जाए। माइक हाथ में लेकर पुलिस-प्रशासन से तीखे सवाल पूछने का क्रम शुरू कर दिया जाए तो फिर उनके असली मकसद को लेकर सवाल तो खड़े होंगे ही। हमने इस पैदा हुई ताजा समस्या की पड़ताल करने की कोशिश की है।

भारत में सोशल मीडिया अब केवल मनोरंजन, दोस्तों से संपर्क या तस्वीरें साझा करने का माध्यम नहीं रह गया है। यू ट्यूब, इंस्टाग्राम, फ़ेसबुक और एक्स (ट्विटर) सहित दूसरे डिजिटल मंचों ने सूचना, समाचार, राजनीति, कारोबार और जनमत निर्माण की पूरी व्यवस्था को बदल दिया है। एक मोबाइल फोन और इंटरनेट कनेक्शन रखने वाला व्यक्ति आज अपना चैनल शुरू कर सकता है, लाखों लोगों तक पहुंच सकता है और कुछ मामलों में परंपरागत मीडिया संस्थानों से भी बड़ी दर्शक संख्या हासिल कर सकता है। इस 'क्रांति' का दूसरा पहलू भी है। जब करोड़ों लोग सामग्री तैयार और प्रसारित कर रहे हों, तब फर्जी सूचनाओं, आपत्तिजनक वीडियो, अश्लीलता, बच्चों के शोषण से जुड़ी सामग्री, नफरत फैलाने वाले संदेश और कानून का उल्लंघन करने वाली सामग्री को नियंत्रित करना बड़ी चुनौती बन जाता है।

पिछले कुछ वर्षों में सरकार, अदालतों, बाल अधिकार संस्थाओं और संसद की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी समिति का ध्यान इसी चुनौती पर तेजी से बढ़ा है। भारत दुनिया के सबसे बड़े यूट्यूब बाजारों में है। जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में पिछले एक वर्ष में 10 करोड़ से अधिक चैनलों ने कम-से-कम एक वीडियो अपलोड किया। भारत में 15 हजार से अधिक यूट्यूब चैनल 10 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर का स्तर पार कर चुके हैं। दिसंबर 2023 तक एक लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर वाले भारतीय चैनलों की संख्या 1.10 लाख से अधिक बताई गई थी। पुराने आक्सफोर्ड इकोनोमिक्स आकलन में सात लाख से अधिक भारतीय क्रिएटर्स और पार्टनर्स को यूट्यूब से आय अर्जित करने वाले व्यापक तंत्र का हिस्सा बताया गया था। भारत की विशेषता इसकी भाषाई विविधता भी है। हिंदी और अंग्रेजी के अलावा तमिल, तेलुगु, मराठी, बंगाली, पंजाबी, मलयालम, कन्नड़, गुजराती और दूसरी भाषाओं में बड़े पैमाने पर सामग्री बन रही है। उपलब्ध अनुमानों के अनुसार भारत में सोशल मीडिया इस्तेमाल करने वालों की संख्या करीब 50 करोड़ के स्तर तक पहुंच चुकी है। अलग-अलग संस्थाओं के आंकड़ों में अंतर इसलिए मिलता है, क्योंकि कहीं सक्रिय उपयोगकर्ता गिने जाते हैं, कहीं पंजीकृत खाते और कहीं विज्ञापन के जरिए पहुंच सकने वाली संभावित दर्शक संख्या। इंस्टाग्राम की भारत में विज्ञापन पहुंच लगभग 50 करोड़ है। लिंक्डइन के भारत में करीब 19 करोड़ पंजीकृत सदस्यों का अनुमान है। इन आंकड़ों को जोड़कर यह निष्कर्ष निकालना गलत होगा कि भारत में डेढ़-दो अरब सोशल मीडिया उपयोगकर्ता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे अधिक सोशल मीडिया फॉलोइंग वाले राजनीतिक नेताओं में शामिल हैं। हमारी पड़ताल के समय उनके इंस्टाग्राम फालोअर्स करीब 10.7 करोड़ और एक्स पर करीब 10.9 करोड़ के स्तर पर थे। यूट्यूब पर उनके लगभग 3.1 करोड़ सब्सक्राइब थे। राहुल गांधी के इंस्टाग्राम पर करीब 1.57 करोड़, यूट्यूब पर लगभग 1.1 करोड़ और उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार एक्स पर लगभग 2.85 करोड़ फालोअर्स थे। अरविंद केजरीवाल के इंस्टाग्राम पर करीब 40 लाख और X पर करीब 2.65 करोड़ फालोअर्स का स्तर था। ये संख्याएं लगातार बदलती रहती हैं, लेकिन इनका राजनीतिक महत्व स्पष्ट है। राजनीतिक नेता अब अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिए केवल अखबारों और टेलीविजन चैनलों पर निर्भर नहीं हैं। उनके पास करोड़ों लोगों से सीधे संवाद करने की अपनी डिजिटल व्यवस्था है। दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद और फरीदाबाद मिलकर देश के प्रमुख कंटेंट क्रिएटर केंद्रों में बदल चुके हैं। दिल्ली-एनसीआर में यूट्यूबर्स और इम्फ्लुअंसर्स की कोई आधिकारिक सरकारी जनगणना उपलब्ध नहीं है। उद्योग आधारित अनुमानों में 10 हजार या उससे अधिक फालोअर्स वाले क्रिएटर्स और इम्फ्लुअंसर्स की संख्या करीब 70 हजार के स्तर पर होने का अनुमान सामने आता है। इसे आधिकारिक संख्या नहीं माना जाना चाहिए। छोटे और नेनो क्रिएटर्स को शामिल किया जाए तो वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है। यहीं से सबसे कठिन सवाल शुरू होता है। अगर लाखों लोग बिना किसी संपादकीय संस्था के सीधे करोड़ों दर्शकों तक सामग्री पहुंचा सकते हैं तो गैरकानूनी सामग्री की जिम्मेदारी किसकी होगी? भारत में इम्फ्लुअंसर्स के लिए कोई अलग एक्ट नहीं है। ऑनलाइन सामग्री मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000, सूचना प्रौद्योगिकी नियम 2021 तथा अपराध की प्रकृति के अनुसार भारतीय न्याय संहिता और दूसरे संबंधित कानूनों के दायरे में आती है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत निर्धारित परिस्थितियों में सरकार ऑनलाइन सामग्री को ब्लाक करने के निर्देश दे सकती है।



अश्लील सामग्री के लिए धारा 67, सैक्सुअल सामग्री के लिए 67ए और बच्चों से संबंधित यौन सामग्री के लिए धारा 67बी महत्वपूर्ण है। हाल के वर्षों में सरकार की कार्रवाई का दायरा भी बढ़ा है। 2024 में जनवरी से अक्टूबर के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 9,845 यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश दिए जाने का आंकड़ा सामने आया था। मार्च 2024 में अश्लील सामग्री के मामले में 18 ओटीटी प्लाटफार्मस, 19 वेबसाइट, 10 एप्लीकेशन और 57 सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ ब्लाकिंग कार्रवाई की गई। आपरेशन सिंदूर के दौरान 2025 में 1,400 से अधिक डिजिटल यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश दिए गए थे। अब सवाल सोशल मीडिया को नियंत्रित करने या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करने भर का नहीं है। असली चुनौती संतुलन की है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी सुरक्षित रहे और बच्चों का शोषण, अश्लीलता, हिंसा, फर्जी सूचना तथा दूसरी गैरकानूनी सामग्री भी बेलगाम न हो।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विदेश नीति
महेन्द्र तिवारी



रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत की सक्रिय शांति पहल

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में कूटनीति के मायने तेजी से बदल रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे लंबे संघर्ष ने पूरी दुनिया को एक अभूतपूर्व संकट में डाल दिया है। इस युद्ध की शुरुआत में भारत ने एक तटस्थ दृष्टिकोण अपनाया था और सभी पक्षों से बातचीत के माध्यम से शांति स्थापित करने की अपील की थी, लेकिन जैसे-जैसे यह युद्ध खिंचता गया भारत की कूटनीतिक रणनीति में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। आज भारत केवल युद्धविराम की औपचारिक अपील तक सीमित नहीं है, बल्कि वह इस संघर्ष से उपजी ठोस और व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए एक सक्रिय मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। यह बदलाव विश्व पटल पर भारत की उस छवि को मजबूत कर रहा है जो उसे एक जिम्मेदार और प्रभावी वैश्विक शांति निर्माता के रूप में स्थापित करती है। वर्ष 1947 में अपनी स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने अंतरराष्ट्रीय विवादों से खुद को दूर रखने की नीति का पालन किया था ताकि वह अपने आंतरिक विकास पर ध्यान दे सके, लेकिन 21वीं सदी का भारत एक अत्यंत शक्तिशाली और आत्मविश्वास से भरा राष्ट्र है। आज की बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में कोई भी बड़ी घटना भारत को अछूता नहीं छोड़ सकती है। इसलिए भारत ने अपनी पुरानी संकोचशील नीति को त्याग कर एक सक्रिय और मुखर विदेश नीति अपनाई है। रूस और यूक्रेन के संदर्भ में यह मुखरता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। विश्व अब यह मान चुका है कि भारत केवल मूक दर्शक बनकर नहीं बैठ सकता है। किसी भी युद्ध में केवल हथियार डाल देने की अपील करना सबसे आसान काम होता है, लेकिन जमीन पर मौजूद जटिलताओं को सुलझाना असली कूटनीति है। भारत ने यह गहराई से समझ लिया है कि रातों रात कोई स्थायी शांति समझौता नहीं हो सकता है। इसलिए उसने अपना ध्यान उन मुद्दों पर केंद्रित किया है जिनका सीधा असर पूरी मानवता और विशेषकर गरीब देशों पर पड़ रहा है। इस युद्ध ने दुनिया भर में खाद्यान्न संकट और ऊर्जा की कमी को जन्म दिया है। ऐसे में भारत ने अपनी कूटनीतिक ऊर्जा को उन क्षेत्रों में लगाया है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को पतन से बचा सकते हैं। भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से यह बात रखी है कि यूरोप की समस्या को पूरी दुनिया की समस्या नहीं माना जाना चाहिए, लेकिन इस युद्ध के आर्थिक परिणामों से कोई भी देश अछूता नहीं रह सकता है। विकासशील देशों की आवाज बनकर भारत ने खुद को एक स्वाभाविक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित किया है। जब भारत काला सागर की सुरक्षा या उर्वरकों की आपूर्ति की बात करता है तो वह केवल अपने लिए नहीं बल्कि उन तमाम देशों के लिए बोल रहा होता है जिनकी आवाज वैश्विक मंचों पर अक्सर अनसुनी कर दी जाती है। हाल के महीनों में भारतीय नेतृत्व द्वारा किए गए उच्च स्तरीय संवाद इस बात का जीवंत प्रमाण हैं कि भारत शांति की प्रक्रिया में कितना गहराई से निवेश कर रहा है। दोनों देशों के उच्च नेतृत्व के साथ सीधे संपर्क में रहकर भारत ने यह सुनिश्चित किया है कि संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न न हो। जब युद्ध के मैदान में हथियार चल रहे होते हैं तब कूटनीतिक वार्ता के दरवाजे खुले रखना एक अत्यंत कठिन कार्य होता है। भारत ने अपनी कूटनीतिक कुशलता से इस दरवाजे को बंद नहीं होने दिया है। यह इस बात को भी दर्शाता है कि भारत की विदेश नीति कितनी स्वतंत्र और लचीली है। भारत की इस मध्यस्थता की सफलता का सबसे बड़ा कारण उसका दोनों पक्षों के बीच समान रूप से विश्वसनीय होना है। वर्तमान में बहुत कम देश ऐसे हैं जो रूस और यूक्रेन दोनों के साथ बिना किसी पूर्वाग्रह के बातचीत कर सकते हैं। रूस के साथ भारत के ऐतिहासिक और रणनीतिक संबंध बहुत गहरे हैं इसलिए रूसी नेतृत्व भारत की चिंताओं को बहुत गंभीरता से लेता है। अंततः यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे इस टकराव में भारत की भूमिका एक मूक दर्शक या केवल उपदेश देने वाले देश की बिल्कुल नहीं रह गई है। ठोस आर्थिक और मानवीय मुद्दों पर बातचीत करके, सुरक्षित व्यापारिक मार्ग सुनिश्चित करवाकर और परमाणु सुरक्षा जैसे अत्यंत गंभीर विषयों पर हस्तक्षेप करके भारत ने विश्व को यह दिखा दिया है कि वह सबसे जटिल भू राजनीतिक समस्याओं का भी व्यावहारिक समाधान देने की असीम क्षमता रखता है। यही वह अद्वितीय कूटनीतिक कौशल है जो आने वाले समय में वैश्विक व्यवस्था में भारत के कद को और अधिक ऊंचा करेगा और उसे सही मायनों में विश्व में शांति स्थापित करने वाले एक प्रमुख और जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में हमेशा के लिए मान्यता दिलाएगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मेहनत के बाद भी नहीं मिल रही सफलता?



संकलित
दर्शन

संसार में किसी भौतिक वस्तु या सुख प्राप्त करने के लिए पुरुषार्थ की आवश्यकता होती है। पुरुषार्थ प्राथमिक आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त वांछित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ऊर्जा, कौशल, दैव (प्रारब्ध या सौभाग्य) और तत्परता (इच्छाशक्ति) भी आवश्यक है। ये पांच तत्व अत्यंत अनिवार्य हैं। अतः पुरुषार्थ करें। यह विश्वास रखें कि सौभाग्य आपके साथ है और फिर कौशल अर्जित करें। अपनी ऊर्जा और कौशल को कैसे बढ़ाया जाए? जब आप ध्यान और मंत्रोच्चार के द्वारा अपने भीतर की सकारात्मकता को जाग्रत करते हैं, तो यह आपके कौशल, ऊर्जा और सौभाग्य में वृद्धि करता है। इन तीनों के होने के पश्चात भी, आपको पुरुषार्थ करना होगा और फिर यह फलीभूत होने में अपना नियत समय भी लेगा। हमें अपना ध्यान लक्ष्य पर केंद्रित रखते हुए निरंतर कर्म करते रहना होगा; प्रारंभिक समय में बार-बार मिलने वाली असफलता की परवाह किए बिना हमें सतत प्रयास करते रहना चाहिए। प्राचीन वेदों एवं शास्त्रों, वैदिक अनुष्ठानों में, आरंभ में संकल्प का विधान है। संकल्प लें-एक दृष्टि और एक लक्ष्य चुनें और फिर उसे समर्पित कर दें। समर्पण अर्थात उसे ईश्वर को अर्पित करना। यह कहना-"यह मेरी इच्छा है, किन्तु आप जो मेरे लिए श्रेष्ठ समझें। यदि यह या इससे भी उत्तम कुछ हो, तो मैं उसे स्वीकार करने को तत्पर हूं।"

सेहत और ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गईं। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

अंतर्मन



आज की पाती

पशुओं की आंखों से दुनिया को देखें

हर साल 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस मनाया गया। वर्ष 2026 की थीम थी 'उनकी आंखों से दुनिया को देखें'। यह थीम केवल एक भावुक अपील नहीं, बल्कि मनुष्य को अपने व्यवहार पर पुनर्विचार करने का अवसर देती है। आखिर जिस धरती को हम अपना घर कहते हैं, उस पर रहने का अधिकार केवल मनुष्य का ही नहीं है। विश्व पशु दिवस का इतिहास भी आपने आप में प्रेरणादायक है। जर्मनी में हेनरिक जिमर्मन ने 24 मार्च 1925 को बर्लिन में पहला विश्व पशु दिवस आयोजित किया था, जिसमें पांच हजार से अधिक लोग शामिल हुए थे। 1929 में 4 अक्टूबर को यह दिवस मनाया गया और 1931 में फ्लोरेंस में एक सम्मेलन में 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस के रूप में स्वीकार किया गया।

-प्रदीप कश्यप, माटाघरा

ट्रेंड

महारानी दुर्गावती को नमन

नारी शक्ति और स्वाभिमान की प्रतीक, गोंडवाना साम्राज्य की महारानी दुर्गावती जी की जयंती पर उन्हें शतशः नमन। महारानी दुर्गावती जी ने न्यायप्रियता व जनसेवा की मिसाल कायम की।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

भ्रम फैला रहा विपक्ष

एसआईआर पर विपक्ष द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम उनके अपने नेताओं के बयानों से ही बेनकाब हो रहा है, जो कहते हैं कि एसआईआर जरूरी और सही दिशा में है। निष्पक्ष चुनाव की आकांक्षीता पार्टनर्स लोकतंत्र की ताकत है।

-अर्जुन राम मेघवाल, कानून मंत्री

भड़काना चाह रहे मणिशंकर

यह वही मणिशंकर अय्यर हैं जो पाकिस्तान जाए थे और कहा था कि अब हमें मोदी सरकार को गिराना है। वह फिर वहां जाना चाहते हैं और मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन को भड़काना चाहते हैं। एक और साक्षात्कार देना चाहते हैं। वह भारत में रैलियां करने या विशेष प्रदर्शन करके संतुष्ट नहीं हैं।

-संबित पात्रा, भाजपा प्रवक्ता

'आप' दोगुनी बेशर्म

जिस पार्टी के राज्यसभा में छह-सात सांसद पार्टी छोड़कर चले गए, वह हमें दलबदल पर उपदेश दे रही है। 'आप' के लोग कितने बेशर्म के हैं। मुझे लगता था कि मोदी के नेतृत्व वाली पार्टी बेशर्म है, लेकिन 'आप' उससे भी दोगुनी बेशर्म निकली। वह हमें उपदेश नहीं दे सकते।

-पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता

करंट अफेयर

अमेरिका वायुसेना ने ब्रिटेन से बमवर्षक विमान वापस बुलाए

इंग्लैंड स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे आरएएफ फेयरफोर्ड को निशाना बनाकर कथित आतंकवादी हमले की साजिश की जांच के बीच अमेरिकी वायुसेना ने वहां तैनात अपने सभी बमवर्षक विमानों को वापस अमेरिका बुला लिया है। इन विमानों का इस्तेमाल ईरान पर हमले के लिए किया गया था। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन के एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर रविवार को बताया कि इन बमवर्षक विमानों को अमेरिका में उनके मूल ठिकानों पर वापस भेज दिया गया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर विकल्पों पर विचार कर रहे हैं, जिनमें नए हमले करना भी शामिल है। ट्रंप ने शनिवार को ओहायो में एक रैली में शामिल होने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस से रवाना होते समय कहा, 'ईरान को लेकर मुझे कुछ फैसले करने हैं। ईरान तबाह हो चुका है और अब प्रश्न यह है कि आगे कड़े कदम उठाने हैं या आसान।' पिछले सप्ताह मध्य लंदन में ब्रिटेन-ईरानी नागरिकता वाले एक व्यक्ति को आतंकवादी हमले की साजिश रचने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था।



ऑफ बीट

'ड्रीम जॉब' की दौड़ में जिंदगी तो कहीं पीछे नहीं छूट रही?

किसी न किसी मोड़ पर हमसे से ज्यादातर लोगों ने काम को लेकर यह सलाह जरूर सुनी होगी कि 'ऐसा काम चुनो जिसे करने में आपको खुशी मिले, फिर वह आपको जिंदगी में कभी बोझ या मजबूरी नहीं लगेगा और काम करना भी आपको काम जैसा महसूस नहीं होगा। 'ड्रीम जॉब' यानी ऐसी नौकरी का विचार, जिसे हम अपने सपनों के अनुरूप मानते हैं, सुनने में बेहद आकर्षक और प्रेरणादायक लगता है। इससे यह उम्मीद पैदा होती है कि नौकरी सिर्फ रोजी-रोटी का जरिया नहीं, बल्कि जीवन में उद्देश्य, अपनी पहचान और व्यक्तिगत संतुष्टि पाने का भी जरिया हो सकती है। लेकिन एक नौकरी से इन सभी उम्मीदों को जोड़ देना खासकर करियर की शुरुआत करने वाले युवाओं के लिए दबाव का कारण बन सकता है। हो सकता है समस्या यह न हो कि हम अपने काम में उद्देश्य तलाशने में नाकाम हो रहे हैं, बल्कि यह हो कि हमें शुरू से यह उम्मीद करना सिखाया गया है कि एक ही नौकरी हमें सब कुछ देगी—जीवन का उद्देश्य, पहचान, आर्थिक सुरक्षा और व्यक्तिगत संतुष्टि। अर्थपूर्ण काम निश्चित रूप से संतुष्ट जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। लेकिन हर हाल में एक 'ड्रीम जॉब' हासिल करने की कोशिश हमें थकान, आर्थिक दबाव और पहचान की अस्थिरता की ओर भी ले जा सकती है।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

प्रेरणा

कुल के कारण कोई बड़ा नहीं होता, विद्या ही उसे पूजनीय बनाती है। - चाणक्य

संपादकीय

मरीजों के हक में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी स्वागतयोग्य

सुप्रीम कोर्ट ने उचित ही कहा है कि अस्पतालों में लाचार और अंतिम सांसें गिन रहे रोगियों को कैंसर की दवाएं दस गुना एमआरपी पर बेचना नरसंहार है। ऐसा अमानवीय शोषण रोकना किसका काम है? ये रोगी और उनके परिजन उसी जनता का हिस्सा हैं, जिनके वोट से लोक-कल्याण का वादा कर राजनीतिक दल सत्तासीन होते हैं। जो काम मूलतः सरकार का है, उसे सुप्रीम कोर्ट को क्यों करना पड़ रहा है? क्या सरकार को नहीं मालूम कि जिन दवाओं की लागत मात्र 10-20 रुपए होती है, उनकी एमआरपी 240 रुपए तक रखी जाती है? क्या दवा महानियंत्रक और राज्यों के अधिकारियों को ये तथ्य नहीं मालूम, जिन्हें सामान्य रोगी रोज झेलता है? जिलों के ड्रग इंस्पेक्टरों से लेकर राज्यों और केंद्र के ड्रग कंट्रोल सिस्टम को यह बात क्यों नहीं समझ आई, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने सहज ही समझा दिया? सुप्रीम कोर्ट जब भी नीतिगत मुद्दों पर अपनी राय या फैसला देती है तो सरकार का कहना होता है न्यायपालिका कार्यपालिका के कार्यक्षेत्र में दखल दे रही है। लेकिन अगर कार्यपालिका या विधायिका अपना मूल काम करना बंद कर दें तो न्यायपालिका हाथ पर हाथ धरे तो नहीं बैठ सकती। आज यह स्थिति है कि निजी अस्पतालों का सत्ता में बैठे नेताओं और अफसरों से गठजोड़ है और मध्यम और निम्न वर्ग इस चक्कर में पिस रहा है। सुप्रीम कोर्ट को आवाज उठाने के लिए साधुवाद!

जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

ईश्वर की कृपा को समर्पण रूपी पात्र में ही इकट्ठा कर सकते हैं

साधन-निधि से संपन्न साधक परमात्मा की कृपा सरलता से पा जाते हैं। इनको विरला माना गया है। वैसे तो ईश्वर की कृपा वर्षा की तरह सबके लिए समान रूप से बरसती है, लेकिन यदि कोई पात्र में ठीक-से वर्षा का जल भर ले तो संकलन हो जाता है। ऐसे ही ईश्वर की जो कृपा बरस रही है, उसे हम अपने समर्पण रूपी पात्र में इकट्ठा कर सकते हैं, अन्यथा उसे बह जाना है। काकभुशुंडिजी ने गरुड़ जी को श्रीराम जी से हुई बातचीत बताते हुए कहा था- जेहि खोजत जोगीस मुनि प्रभु प्रसाद कोउ पाव। जिस भक्ति को योगीश्वर मुनि खोजते हैं, प्रभु की कृपा से कोई विरला ही उसे पाता है। इसलिए हम ईश्वर से जो भी मांगें, कृपा जरूर मांगें। आजकल हर बात की ब्रैंडिंग का जमाना है। पिछले दिनों कनाडा यात्रा के दौरान वहां के एक सज्जन ने मुझे बताया कि कनाडा ने इन्वेशन तो खूब किए, लेकिन अपने किए हुए की ब्रैंडिंग नहीं कर पाया। तो हम कम से कम अपने धर्म की दुनिया में सद्प्रयासों की ब्रैंडिंग अवश्य करें। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

दूरदृष्टि • हवाई यात्रियों की सुरक्षा का सवाल

विमानों में उड़ान भरना अब पहले जैसा नहीं रह जाएगा



फ्लाईदुबई
बरखा दत्त
फाउंडिंग एडिटर, मोजो स्टोरी
@BDUTT

